डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति से मयर कर प्रकाशित, भोपाल 01.07.2024 से 07.07.2024 वर्ष-41 अंक-27 मूल्य ₹ 10.00

‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में प्रदेश में लगाये जायेंगे साढ़े पांच करोड़ पौधे

भोपाल, मध्यप्रदेश में ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान जनसहयोग से सफल होगा। अभियान के लिए अधिकतम जन सहभागिता के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के दो बड़े नगरों में अनेक संगठन अभियान से जुड़ रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर जिले में जहां 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, वहीं राजधानी भोपाल सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे। भोपाल जिले में 12 हजार पौधे ‘मां’ के सम्मान में लगाए जाएंगे। शेष पौधे भी विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद् और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस समारोह को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, पराक्रम और सुशासन नीति पाठ्यक्रम में होगी शामिल

जबलपुर, वीरांगना रानी दुर्गावती ने न केवल अकबर की सेना को तीन बार परास्त किया बल्कि सुशासन और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी कई नवाचार करते हुए क्षेत्र को जनोन्मुखी शासन व्यवस्था प्रदान की। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल से होकर गुजरने वाला फ्लायओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा। गढ़ में रानी दुर्गावती के नाम पर स्टेडियम के लिए भी भारत सरकार से अनुमति दिलाने का प्रयास भी राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। क्षेत्र के तालाबों व जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी प्राथमिकता से करेंगे। यह उनकी वीरता और पराक्रम को आदरांजलि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकबर का दौर कठिन काल था, एक ओर जहां महाराणा प्रताप उससे संघर्ष कर रहे थे, वहीं वनांचल में वीरांगना रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना से लोहा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन, पराक्रम और सुशासन के लिए किए गए नवाचारों को देश-दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से इन्हें पाठ्यक्रम में शामिल करने के साथ-साथ इन विषयों पर सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। वीरांगना रानी दुर्गावती के विविध पक्षों को सामने लाने के लिए 5 लाख रुपये का पुरस्कार भी घोषित किया गया है। जबलपुर सहित प्रदेश में प्रतिमाह सांस्कृतिक एवं बौद्धिक आयोजन भी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती के 500 वें जन्मशताब्दी वर्ष में उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से ही पहली कैबिनेट जबलपुर में आयोजित की गई। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परम्पराओं के सम्मान व रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती जैसे व्यक्तित्वों के जीवन संघर्ष के अनछुए पहलुओं से जनसामान्य को परिचित कराने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में निरंतर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी ऐतिहासिक रूप से नारी शक्ति की अभिव्यक्ति रही हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि युद्ध हो या शासन व्यवस्था महिलाएं कहीं भी पीछे नहीं हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जबलपुर में आयोजित पुण्य स्मरण समारोह को संबोधित किया

प्रदेश में पहली बार नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 में तीन लोगों को प्रदान की गई नागरिकता

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे परिवार के लोग हमारे पास आ गए हैं। यह अपने धर्म को बचाने के लिए अपने मूल देश आये हैं। सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) के आने के बाद नागरिकता पाने वाले सभी लोगों का हम स्वागत करेंगे। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि नई पीढ़ी के यह लोग मध्यप्रदेश का हिस्सा बन रहे हैं। हमारे देश के नागरिकों के जो अधिकार हैं वही अधिकार इनको मिलेंगे। मध्यप्रदेश में इनका स्वागत है, राज्य शासन से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह लोग मध्यप्रदेश का निवासी बनकर गर्व का अनुभव करेंगे।

प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में शुरू होंगे रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम

भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में कौशल आधारित रोज़गारोन्मुखी एवं नवीन पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रारंभ किए जायेंगे। इसके अनुसार समस्त प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से आधुनिकतम आई.टी. पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जायेंगे। समस्त प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में बीएड पाठ्यक्रम संचालित होंगे। रोज़गार आधारित डिग्री, डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों एवं सभी सामान्य (शास.) विश्वविद्यालयों में प्रारंभ होंगे। वर्तमान में उज्जैन, जबलपुर एवं भोपाल स्थित शासकीय विश्वविद्यालयों में बीएससी (एजी) पाठ्यक्रम संचालित हैं, ये पाठ्यक्रम प्रदेश के शेष सामान्य (शासकीय) महाविद्यालयों में और शासकीय स्वशासी महाविद्यालयों में भी प्रारंभ किया जाएगा। विमानन संबंधी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर त्वरित कार्रवाई किए जाने को कहा गया है, इससे ये पाठ्यक्रम अकादमिक सत्र 2024-25 से प्रारंभ होना संभव हो सके।

1 जुलाई से शुरू होंगे कार्यक्रम

प्रदेश के समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों के शुभारंभ कार्यक्रम 1 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश के 55 में से 24 प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में नेक ग्रेडिंग हो चुकी है, शेष महाविद्यालयों में 31 जुलाई 2024 तक इसी शैक्षणिक सत्र में उक्त महाविद्यालयों की नेक ग्रेडिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं।

किसान, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिले जनहितैषी योजनाओं का लाभ

भोपाल, प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर चलते रहें। हर जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोडमैप तैयार कर लिया जाए। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रवार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाए। आगामी चार-पांच वर्षों के लिए यह रोडमैप तैयार किया जाए। विकास कार्यों को प्राथमिकता निर्धारित कर पूरा करने की योजना भी बनाई जाए। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिले। कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे अधिक लगभग चार करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं और आयुष्मान भारत योजना का हितग्राहियों को वृहद स्तर पर लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर कार्य करें।

एक जिला-एक उत्पाद योजना की मार्केटिंग हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद योजना की मार्केटिंग हो। रोज़गारपरक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की बेहतर भूमिका रहे। जल-गंगा संवर्धन अभियान और पौधरोपण अभियान बड़े पैमाने पर चलता रहे। पौधरोपण अभियान के तहत छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जबलपुर, इंदौर, भोपाल सहित विभिन्न जिलों में वृहद स्तर पर पौधे लगाने का अच्छा कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल चलें अभियान, कॉलेज चलें अभियान के अंतर्गत कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे। आंगनबाड़ियों का संचालन बेहतर हो। आंगनबाड़ियों में केजी-1 और केजी-2 की कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

संक्षिप्त खबर

मूंग और उड़द का एमएसपी पर 31 जुलाई तक होगा उपार्जन

भोपाल, प्रदेश सरकार ने ग्रीष्मकालीन मौसम वर्ष 2024 में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत प्रदेश के जिलों में समर्थन मूल्य पर कृषकों द्वारा उत्पादित ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की उपज का उचित दर पर उपार्जन करने का निर्णय लिया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया है कि उपार्जन कार्य 24 जून से आरंभ हो गया है। किसान भाईयों से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन 31 जुलाई तक किया जायेगा।

इंदौर शहर के लिए 111 करोड़ रुपये की राशि जारी

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर इंदौर नगर को पेयजल प्रदाय और ठोस व अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य विकास कार्यों के लिए 111 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री भरत यादव ने बताया कि 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर मिलियन प्लस सिटी के रूप में इंदौर को जारी राशि से इंदौर शहर में विकास के विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 9 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

भोपाल, विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार छिंदवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्र. 123 अमरवाड़ा (अजजा) के लिये भरे गये नाम निर्देशन पत्रों की वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 9 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के उप-निर्वाचन में अब 9 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में रह गये हैं। अमरवाड़ा में 10 जुलाई को मतदान होगा। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) निर्वाचित होने पर बधाई और मंगल कामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने दायित्व संभालते ही पहले दिन लोकसभा में, आपातकाल की परेशानियों को याद किया और विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को इससे परिचित करवाना प्रासंगिक भी है।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

22 जून

डीआरडीओ द्वारा विकसित चार तापस ड्रोन खरीदेगी नौसेना

● भारतीय नौसेना देश में बने हथियारों को और बढ़ावा देने की पहल के तहत

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित चार तापस ड्रोन खरीदेगी। इस ड्रोन का निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का एक समूह करेगा। भारतीय नौसेना इन ड्रोन्स का इस्तेमाल समुद्री निगरानी अभियानों के लिए करेगी। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के 24 महीनों के भीतर पहले ड्रोन की डिलीवरी होगी। इस ड्रोन का हस्तेमाल परीक्षण करने और उसकी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए भी किया जाएगा।

● केंद्र सरकार ने सरकारी भर्ती सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़बड़ियां रोकने के लिए लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) कानून लागू कर दिया है। केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इस कानून में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी), बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की परीक्षाएं शामिल होंगी। केंद्र के सभी मंत्रालयों विभागों की भर्ती परीक्षाएं भी इस कानून के दायरे में होंगी। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे। संसद ने इस वर्ष फरवरी में यह कानून पास किया था।

23 जून

इसरो ने की आरएलवी पुष्पक की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल

(आरएलवी) 'पुष्पक' की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग कर दी है। इसरो ने बताया कि इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान का परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान यान सभी मानकों पर खरा उतरा। इस मिशन में आरएलवी को तेज हवाओं के बीच उतारने का अभ्यास किया गया। परीक्षण के दौरान वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से पुष्पक यान को 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। तेज हवाओं के बावजूद विमान ने सटीक लैंडिंग की। इसरो की आरएलवी परियोजना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह अंतरिक्ष में मानव की निरंतर उपस्थिति की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा।

● केरल के कोझिकोड शहर को यूनेस्को ने आधिकारिक तौर पर भारत का पहला 'साहित्य शहर' घोषित कर दिया। कोझिकोड को अक्टूबर 2023 में 'यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन)' की 'साहित्य' श्रेणी में स्थान मिला था। इस उपलब्धि के साथ ही कोझीकोड दुनिया के कुछ प्रतिष्ठित शहरों की सूची में शामिल हो गया, जिसमें चेक गणराज्य का प्राग, इटली का मिलान, यूनाइटेड किंगडम का एडिनबर्ग, फ्रांस का अंगौलेमे, पाकिस्तान का लाहौर और इंडोनेशिया का जकार्ता शहर शामिल है।

● रेलवे के प्लेटफॉर्म टिकट, वेटिंग रूम क्लॉकरूम और स्टेशनों पर बैटरी से चलने वाली कार एवं अन्य सेवाएं कर मुक्त होंगी। यह फैसला वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में सम्पन्न जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में लिया गया है। बैठक में यह फैसला भी लिया गया कि शिक्षण संस्थानों के बाहर बने हॉस्टलों में रहने वाले छात्रों को हर माह 20,000 रुपये तक की सेवाओं पर कोई कर नहीं देना होगा। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बताया कि जीएसटी पंजीकरण के लिए अब देश में आधार से बायोमेट्रिक जांच अनिवार्य होगी। इससे इनपुट टैक्स क्रेडिट के गलत दावे रोके जा सकेंगे।

24 जून

एसबीआई देश भर में खोलेगा 400 नई शाखाएं

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष (2024-25) में देशभर में 400

नई शाखाएं खोलने की तैयारी कर रहा है। देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने नेटवर्क विस्तार योजना के तहत पिछले वित्त वर्ष में 137 शाखाएं खोली हैं। इनमें से 59 नई ग्रामीण शाखाएं हैं। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि हम उन स्थानों की पहचान करेंगे, जहां अवसर मौजूद हैं और उन स्थानों पर हम शाखाएं खोलने की योजना बना रहे हैं। मार्च 2024 तक एसबीआई के पास देश भर में 22,542 शाखाओं का नेटवर्क है।

● भारतीय वायु सेना पहली बार बहुपक्षीय हवाई अभ्यास आयोजित करने जा रही है। यह हवाई अभ्यास अगस्त माह में आयोजित होगा। 'तरंग शक्ति' के नाम से होने वाले इस युद्धाभ्यास में दुनिया के 12 देशों की वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर, बॉम्बर और स्ट्रैटेजिक लिफ्ट विमान शामिल होंगे। वायु सूत्रों के अनुसार दो चरणों में आयोजित होने वाले इस अभ्यास की शुरुआत दक्षिण भारत के एयरबेस से होगी। इसके बाद अगस्त के मध्य से सितंबर के मध्य तक यह अभ्यास जोधपुर में होगा। युद्धाभ्यास में स्पेन, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की वायु सेनाएं भी अभ्यास में हिस्सा लेंगी।

● इज़राइल और हमास के बीच जारी युद्ध के दौरान इज़राइली सेना ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के राहत सामग्री वितरण केंद्र को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया। इस हमले में कई लोगों की मौत हुई है। हमले के समय ये लोग भोजन और पानी के लिए लाइन में खड़े थे। यूएनआरडब्ल्यूए की निदेशक जुलिएट टोमा का कहना है कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद अब तक इज़राइल ने उसके 190 केंद्रों को निशाना बनाया है, जबकि 193 से ज्यादा कर्मी इज़राइली हमलों में मारे गए हैं।

25 जून

रेल मंत्री ने कवच 4.0 को जल्द लागू करने के निर्देश दिए

● रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे के सुरक्षा मानकों को और



मजबूत करने के लिए 'कवच 4.0' प्रणाली पर काम किया जा रहा है। जल्द ही इसका परीक्षण किया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि 'कवच 4.0' भारतीय रेलवे के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस प्रणाली को सुनियोजित तरीके से जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारतीय रेलवे ने कवच के 3.2 संस्करण को तैयार किया था। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 'कवच 3.2' संस्करण को अत्यधिक व्यस्त रेलवे मार्गों पर चलने वाली ट्रेनों में स्थापित किया गया है।

● दक्षिण कोरिया में एक लिथियम बैटरी फैक्ट्री में लगी भीषण आग के कारण 22 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में 18 चीनी नागरिक शामिल हैं। यह देश में पिछले कई सालों में हुई सबसे बड़ी फैक्ट्री आपदाओं में से एक है। यह विस्फोट तब हुआ, जब फैक्ट्री में 100 से ज्यादा लोग काम कर रहे थे। फैक्ट्री में लिथियम-आयन बैटरियों की जांच और पैकेजिंग की जा रही थी। लिथियम बैटरी गर्म होकर तेजी से जलती हैं, और पारंपरिक आग बुझाने के तरीकों से उन्हें नियंत्रित करना मुश्किल है, इसलिए आग बुझाने के लिए सूखी रेत का इस्तेमाल किया गया।

● जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर को विश्व शिल्प परिषद की तरफ से आधिकारिक तौर पर 'विश्व शिल्प नगरी' का दर्जा दिया गया है। श्रीनगर को 'विश्व शिल्प नगरी' का दर्जा मिलने से हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही इससे पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास को लाभ मिलेगा। श्रीनगर में शाल-कालीन बुनकर ,कढ़ाई करने वाले, लकड़ी विशेषकर अखरोट की लकड़ी का नक्काशीदार सामान तैयार करने वाले, हाथ से तांबे के बर्तन तैयार करने वाले, पेपरमेशी, चांदी के बर्तन एवं गहने बनाने वाले, चमड़े का सामान तैयार करने वाले कारीगर बड़ी संख्या में रहते हैं।

26 जून

एनटीए की रद्द या स्थगित परीक्षाओं का नया कार्यक्रम होगा जारी

● पेपर लीक के चलते स्थगित हुई नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कई परीक्षाओं को लेकर परेशान छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। जानकारी के मुताबिक एनटीए रद्द

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

या स्थगित की गई परीक्षाओं को जुलाई-अगस्त तक कराने की योजना पर काम कर रहा है। परीक्षाओं का कार्यक्रम भी अगले 10 दिन में जारी कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि परीक्षाओं के रद्द या स्थगित होने से अभ्यर्थियों में बढ़ रही निराशा को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को जल्द ही इन सभी परीक्षाओं के नए कार्यक्रम जारी करने के निर्देश दिए हैं।

● वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने नई दिल्ली में आयोजित वायु सेना के कैप्स्टोन सेमिनार को संबोधित करते हुए भारत के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत के लिए अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने, स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने और सुरक्षा के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश को आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा दोनों के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

27 जून

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को लगाई लताड़

● भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर को लेकर निराधार और झूठी कहानियां फैलाने के लिए पाकिस्तान को फिर फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने कहा कि मैं पाकिस्तान की टिप्पणियों पर कोई जवाब नहीं दूंगा, क्योंकि इस प्रतिष्ठित मंच का समय बर्बाद नहीं करना चाहता। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर पाकिस्तान प्रायः कश्मीर का मुद्दा उठाता रहता है, भले ही चर्चा का विषय कुछ भी हो। उल्लेखनीय है कि भारत पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर यह साफ कर चुका है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित लद्दाख भारत के अभिन्न एवं अविभाज्य अंग रहे हैं और रहेंगे।

● केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्राकृतिक और मानव निर्मित सभी तरह के जल स्रोतों की दूसरी गणना की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार सभी जल स्रोतों की गणना की रिपोर्ट दो साल के भीतर आने की उम्मीद है। पिछली बार इसमें चार साल से अधिक का समय लगा था। इस बार की गणना में जल स्रोतों के रूप में झरनों को भी शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछली गणना का एक बड़ा निष्कर्ष अवैध कब्जे और अतिक्रमण के शिकार जल स्रोतों की संख्या का सामने आना था। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कुल 24 लाख से अधिक जलाशयों में से 40 हजार अतिक्रमण के शिकार हैं।

● भारत-चीन सीमा के पास 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित ज्योलिंगकांग में पुलिस थाना बनेगा। यह देश का सबसे ऊंचाई पर स्थित थाना होगा। उत्तराखंड सरकार ने आदि कैलाश में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ने के कारण इस इलाके में सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया है। 10,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गूंजी थाने के निरीक्षण को पहुंचे उत्तराखंड के एडीजी प्रशासन अमित सिन्हा ने ज्योलिंगकांग में नया पुलिस स्टेशन खोलने पर सहमति जताई।

28 जून

छोटे किसानों की आधी से ज्यादा फसलें मौसम के कारण हो जाती हैं बर्बाद

● देश में 50 फीसदी से अधिक छोटे किसानों पर खराब मौसम का भयावह असर

पड़ रहा है। देश में छोटे किसानों की स्थिति पर डेवलपमेंट इंटेलिजेंस यूनिट (डीआईयू) के द्वारा किए गए दूसरे वार्षिक सर्वे से पता चला कि खराब मौसम के कारण उनकी आधी से अधिक फसलें बर्बाद हो गई हैं। सर्वे में देशभर से 6,615 किसानों को शामिल किया गया। जिनके पास एक हेक्टेयर तक की कृषि भूमि थी। सर्वे में यह भी सामने आया कि मौसमी घटनाओं के कारण फसल खराब होने की समस्या पिछले 5 साल से लगातार बढ़ रही है। पिछले 5 वर्षों में धान की खेती करने वाले 50 प्रतिशत किसानों और गेहूं की खेती करने वाले 40 प्रतिशत से अधिक किसानों ने लगातार अपनी आधी से अधिक फसल खोई है।

● भारत ने इटली से 31 वर्षीय भारतीय श्रमिक सतनाम सिंह की मौत के लिए जिम्मेदार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। पंजाब के मोगा के सतनाम का हाथ कृषि मशीनरी से कट गया था। उनकी कंपनी ने चिकित्सा सहायता देने के बजाय उन्हें सड़क पर फेंक दिया। इससे उनकी मौत हो गई। इस घटना से विरोध प्रदर्शन होने लगा और प्रदर्शनकारियों ने फार्म मालिक के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की। भारत ने भी इटली को जनभावनाओं से अवगत कराया। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने सतनाम की मौत पर दुख जताया और कहा कि इस बर्बरता के लिए कड़ी सजा दी जाएगी।

● अमेरिका की जासूसी के आरोपों में जेल में बंद विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे 5 साल बाद लंदन की जेल से रिहा हो गए। अमेरिका में 3 घंटे चली कोर्ट कार्रवाई के दौरान डील के तहत असांजे ने अपनी गलती स्वीकार की और फिर उनकी रिहाई कर दी गई। इससे 14 साल बाद वे ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए। कैनबरा में प्राइवेट जेट से उतरने के बाद असांजे का उनकी पत्नी स्टेला और पिता व उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

20 वर्षों के अनुभव के साथ
Join New Batch
PNST (नर्सिंग)
CUET-UG/PG
9th/10th/11th/12th
PCM/PCB/COM./ARTS
बालाजी (Since 2004) दयूटोरियल्स Sarath
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग,भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-49760/2024

वर्ष 41, अंक 27 01.07.2024 से 07.07.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - संदीप यादव
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले नवाचार से छात्रों के भविष्य को मिलेगी मजबूती

मध्यप्रदेश नवाचारों के लिये देशभर में विशिष्ट स्थान रखता है। विभिन्न क्षेत्रों के बाद अब प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करते हुए नये प्रतिमान स्थापित करने को तैयार है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रोज़गारपरक नये कोर्स आरंभ करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े साहित्य को प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। यही नहीं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनमें स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न करने के लिए विद्यावन योजना के रूप में नवाचारी पहल की गई है। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन, उनके पराक्रम और सुशासन के लिए किए गए नवाचारों को देश-दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है।

प्रदेश में विमानन संबंधित विविध रोज़गारपरक नवीन संकाय एवं पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे जिनका सीधा लाभ युवाओं को मिलेगा। यह कोर्स देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में 4 वर्षीय बीएससी (एविएशन एवं सीपीएल) डिग्री कोर्स संचालित होगा। प्रदेश के समस्त 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बीबीए टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स शुरू किए जाने का निर्णय मध्यप्रदेश सरकार ने लिया है। इनमें से 10 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 4 वर्षीय बीबीए टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट डिग्री कोर्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा पूर्व से संचालित आईएचएम, फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, एयरपोर्ट, निजी एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित होटल एवं टूरिज्म की अधिक संभावनाओं वाले जिलों में स्थापित महाविद्यालय में होंगे।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में 4 वर्षीय बीएससी (एविएशन) कोर्स संचालित होगा। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में 4 वर्षीय बीबीए (एविएशन मैनेजमेंट) कोर्स शुरू होगा। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में 1 वर्ष और 6 माह (प्रायोगिक) समयावधि के एविएशन सिक्योरिटी और एयरपोर्ट ऑपरेशंस कोर्सेज संचालित होंगे। यही नहीं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और प्रदेश के 10 महाविद्यालयों में 3 माह के एयरपोर्ट वेयरहाउस कोर्डिनेटर, एयरपोर्ट सेफ्टी क्रू, एयरपोर्ट फ्लाइट लोड कॉर्डिनेटर, एयरलाइन रिजर्वेशन एजेंट और एयरलाइन कस्टमर सर्विस एक्जीक्यूटिव कोर्सेज संचालित होंगे, साथ ही 4 माह के एयरलाइन कैबिन क्रू और फ्लाइट डिस्पैचर कोर्सेज भी शुरू किए जायेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में 7 दिवस का ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होगा। प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले इन नवाचारों से छात्रों को रोज़गार के नये अवसर मिलेंगे, साथ ही उनके बेहतर भविष्य की आधारशिला को और मजबूती मिलेगी।

चन्द्रमा से लाये गये मिट्टी के नमूनों पर शोध कर परीक्षण शुरू करेगा चीन

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में चीन ने इतिहास रच दिया है। चीन के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों द्वारा भेजा गया ई-6 यान सफलतापूर्वक वापस आ गया। अंतरिक्ष में यह कार्य करने वाला चीन दुनिया का पहला देश बन गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार चीन का चांग ई-6 यान अपने साथ उस क्षेत्र से कुछ नमूने लेकर वापस आया है। चांग ई-6 चीन का छठा मिशन है। सीएनएसए के अनुसार बीजिंग में चांद से एकत्रित किए गए नमूनों को वैज्ञानिकों की टीम को सौंप दिया गया। इसके साथ ही इन नमूनों पर शोध कार्य आरंभ हो गया है। चांग ई-6 करीब दो किलो धूल और चट्टानों के नमूने साथ लेकर आया है। पृथ्वी से न दिखने, दूरी और विशाल गड्ढों वाला कठिन इलाका होने के कारण यहां पर जाना चुनौतीपूर्ण कार्य था। यह चांद का वह इलाका है जिसके बारे में कम खोज हुई है। चीन लगातार चंद्रमा से जुड़े मिशन को आगे बढ़ा रहा है। चांग ई-6 को इस वर्ष 3 मई को चांद पर प्रक्षेपित किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 2 जून को चांद के सुदूर क्षेत्र पहुंचा था। 4 जून को इसके द्वारा चांद की धूल और चट्टानों के नमूनों को एकत्रित करना शुरू किया गया। चीन के इस मिशन को पूरा होने में कुल 53 दिन लगे। चांग ई-6 इस मायने में भी खास है क्योंकि यह चांद के उस हिस्से पर उतरा है जो हमेशा पृथ्वी से दूर रहा है और यहां पर कभी भी सूर्य की किरणें नहीं पड़ी हैं। ऐसे में इस क्षेत्र के नमूनों से वैज्ञानिक तौर पर अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

नमूनों के परीक्षण से इस बात की जानकारी मिल सकती है कि चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस सफलता के बाद चीन ने वर्ष 2030 तक चांद पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य तय किया है। अमेरिका भी चांद पर साल 2026 में फिर से मानव मिशन भेजने की योजना पर काम कर रहा है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

मध्यप्रदेश में अनूठी है रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना

स्वास्थ्य की दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त माने जाने वाले श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न संवर्धन अभियान अब मध्यप्रदेश में तेज होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मोटे अनाज पर प्रति क्विंटल एक हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ ही इन अनाजों के मूल्य में एक हजार रुपये की वृद्धि हो जाएगी। ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी जैसे अनाज श्रीअन्न कहलाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपना कार्यभार संभालने के पहले दिन से ही नवाचारों के लिये जाने जा रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण रोकने, धार्मिक पर्यटन बढ़ाने, युवाओं को स्वरोज़गार के लिये प्रेरित करने जैसे उनके निर्णय चर्चित रहे। अपनी इसी शैली के अनुरूप उन्होंने नये साल की पहली कैबिनेट बैठक में प्रदेश के श्रीअन्न उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के लिये एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। डॉ. यादव ने राज्य के कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार और बाजरा जैसे मोटे अनाज की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति किलो दस रुपये अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की जो प्रति क्विंटल एक हजार होगी। इस योजना को रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना नाम दिया गया है। इस योजना की प्रोत्साहन राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्रीअन्न उत्पादक किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य तो मिलेगा ही, इसके साथ प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मोटे अनाज उत्पादक किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया और जनवरी को मंत्रीमंडल की बैठक में स्वीकृति दी थी।

इस योजना के लागू होने से श्रीअन्न अर्थात मोटे अनाज उत्पादक किसानों की कृषि क्षमता संवर्धित होगी। योजना से किसानों को प्रोत्साहन राशि के साथ विपणन में भी सहायता मिलेगी। योजना से मध्यप्रदेश के श्रीअन्न उत्पादक किसानों को एक राज्य स्तरीय महासंघ के रूप में संगठित कर उनके उत्पाद की राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान स्थापित करने में भी सहायता की जायेगी। इससे एफपीओ द्वारा गठित फेडरेशन के माध्यम से श्रीअन्न के लिये वेल्यू चेन विकसित करने और कोदो-कुटकी की खेती में संलग्न कृषकों की आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी।

योग दिवस पर योजना का विधिवत शुभारंभ

मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्री अन्न संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया । इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोदो-कुटकी सहित सभी तरह के मोटे अनाज अर्थात श्रीअन्न के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से श्रीअन्न का महत्व हम सभी कोरोना काल में ही समझ चुके हैं। व्यक्ति आहार, विचार और व्यवहार के स्तर पर नियमित रहकर दीर्घायु प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में दो किसानों श्याम सिंह कुशवाह और संतोष मीणा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को श्रीअन्न बीज के पैकेट भी भेंट किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों द्वारा श्रीअन्न के उपयोग की सराहना की और कहा कि मोटे अनाज न केवल पोषक होते हैं, अपितु इनका उत्पादन पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है।

मध्यप्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों में श्रीअन्न की कोई न कोई फसल होती है फिर भी मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, शहडोल, अनूपपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सीधी और सिंगरौली जिलों में श्रीअन्न का उत्पादन अपेक्षाकृत अधिक होता है। इन क्षेत्रों में भूमि की उर्वरता भी इन फसलों के लिये बहुत उपयुक्त है।

कई वर्षों से सक्रिय है मध्यप्रदेश सरकार

मध्यप्रदेश सरकार मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में पहले से ही कार्य कर रही है। इससे मध्यप्रदेश में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ा। एक अनुमान के अनुसार मध्यप्रदेश में 2022-23 में 1253.55 हजार टन के आसपास श्रीअन्न का उत्पादन हुआ है। सरकार का प्रयास है कि मोटे अनाज के उत्पादन के लिये कृषि का रकबा बढ़े और यह श्रीअन्न खुदरा बाजार में भी सहज रूप से उपलब्ध हो। इन फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिये मध्यप्रदेश के मंडला जिले में गत वर्ष 2023 के 21 और 22 जनवरी को एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया था। मंडला विशेषकर कोदो और कुटकी के उत्पादन का क्षेत्र है। इस अभियान को गति देने के लिये ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू की है।

स्वास्थ्यवर्धक है मोटा अनाज

मोटे अनाज की श्रेणी में आने वाले सभी अन्न स्वास्थ्य के लिये लाभदायक होते हैं। लगभग ये सभी ग्लूटेन फ्री होते हैं। इससे शरीर के स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करते हैं। इसी के चलते संयुक्त राष्ट्र ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2023 को ईयर ऑफ मिलेट घोषित किया था और अब इन्हें सुपरफूड में भी शामिल कर लिया गया है। अनाज विशेषज्ञों ने मोटे अनाजों में सबसे महत्वपूर्ण 'रागी' को माना है। इसमें कैल्शियम और पोटैशियम के साथ डाइट्री फाइबर की मात्रा अधिक होती है। अनुसंधान के बाद यह भी पाया गया है कि रागी में रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों के नियंत्रण की क्षमता भी होती है। इसके साथ इसे हड्डियों को मजबूत करने, इम्युनिटी बढ़ाने में भी उपयोगी माना गया है। जो कैंसर जैसी अन्य बीमारियों के नियंत्रण में भी सहायक है।

मोटे अनाज में दूसरा महत्वपूर्ण अन्न कुटकी है इसमें मैग्नीशियम अधिक होता है, जो कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से रोकता है तथा हृदयरोग नियंत्रण में रामबाण माना गया है। इसमें विटामिन-बी और माइक्रोन्यूट्रेंट्स भी होता है जो न्यूरोलॉजिकल रोगों के नियंत्रण में उपयोगी माना गया है। विशेषकर अल्जाइमर और पर्किंसन जैसी बीमारी से भी बचाव करता है। कुटकी के साथ कोदो भी स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो मधुमेह और हृदयरोग से बचाते हैं। इसे शरीर को अन्य इन्फेक्शन से बचाने वाला भी माना गया है। एक अन्य मोटा अनाज बाजरा है। इसमें प्रोटीन, फैट, फाइबर, सोडियम, फॉलेट, आयरन, मैग्नीशियम, थियामिन, नियामिन, फॉस्फोरस जैसे तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

भारत सरकार कर रही प्रोत्साहित

भारत श्रीअन्न का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। भारत सरकार शासकीय कैंटीन और होटलों के साथ शासकीय आयोजनों में भी मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही है। सरकार मोटे अनाजों के सह-उत्पाद बनाने के लिए स्टार्टअप को भी प्रोत्साहित करने की योजना बना रही है। इन प्रयासों से भारत सरकार देश को श्रीअन्न का हब बनाने की दिशा में भी तैयारी कर रही है। इसके लिए भारतीय बाजरा अनुसंधान केंद्र बनाये जा रहे हैं। मोटे अनाजों की उन्नत किस्मों के साथ उत्पादन बढ़ाने के लिए भी अनुसंधान कार्य किए जा रहे हैं। इन अनुसंधान केंद्रों से राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार आदि 14 राज्यों को तकनीकी सहायता मिल रही है। भारत सरकार ने इंटरनेशनल मिलेट इंस्टीट्यूट स्थापित करने की भी घोषणा की है।

30 जिलों में हुआ मोटा अनाज महोत्सव

भारत सरकार ने श्रीअन्न के प्रति जन सामान्य में जागरूकता पैदा करने के लिये 20 राज्यों के 30 जिलों का चयन किया था। इन जिलों ने मोटा अनाज महोत्सव की मेजबानी की। इनमें मंडला (मध्यप्रदेश), विजयनगरम (आंध्र प्रदेश), भोजपुर (बिहार), महबूबनगर (तेलंगाना), धर्मपुरी (तमिलनाडु), आगरा (उत्तर प्रदेश), कार्बी आंगलोंग (असम), विरुधुनगर (तमिलनाडु), डांग (गुजरात), पार्वतीपुरम मान्यम (आंध्र प्रदेश), कोमाराम भीम (तेलंगाना), अल्मोड़ा (उत्तराखंड), नुआपाड़ा (ओडिशा), बठिंडा (पंजाब), पलक्कड़ (केरल), दावणगेरे (कर्नाटक), तापी (गुजरात), बाड़मेर (राजस्थान)), कुल्लू (हिमाचल प्रदेश), तुमकुर (कर्नाटक), भिंड (मध्यप्रदेश), नंदुरबार (महाराष्ट्र), जोधपुर (राजस्थान), सुकमा (छत्तीसगढ़), महेंद्रगढ़ (हरियाणा), अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश), कलिम्पोंग (पश्चिम बंगाल) , खूंटी (झारखंड) और जमुई (बिहार) हैं।

भारत की अगुवाई में पूरा विश्व आकर्षित हुआ श्रीअन्न की ओर

श्रीअन्न की प्रतिरोधक क्षमता की ओर भारत ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। स्वस्थ रहने के लिये पहले योग और अब श्रीअन्न की महत्ता को अवगत कराने के बाद भारत पुनः अपनी उस प्रतिष्ठा को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर हो रहा है जो कभी विश्वगुरु के रूप में रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को मोटे अनाज का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया था। जिससे पूरे विश्व में मोटे अनाजों को लेकर जन जागरूकता तेजी से फैल रही है। भारत सहित जिन देशों में मोटे अनाजों का पहले से ही उपयोग किया जाता रहा है, उन देशों में इस अभियान से जागरूकता में वृद्धि हुई। गत वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत भारत के विभिन्न प्रांतों में दो दिवसीय वैश्विक मिलेट्स सम्मेलन आयोजित किये गये थे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित थे। उन्होंने डाक टिकट जारी किया था।

रमेश शर्मा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

भारतीय नौसेना

नाविकों के रूप में प्रवेश - खेल कोटा प्रवेश - 02/2024 बैच के लिए अविवाहित पुरुष/महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है

1. **खेल के क्षेत्र.** ऐसे उत्कृष्ट खिलाड़ी जिन्होंने निम्नलिखित क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय/जूनियर या सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो:-

(ए) **पुरुष उम्मीदवारों के लिए क्षेत्र:** एथलेटिक्स, एक्वेटिक्स, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, क्रिकेट, घुड़सवारी, फुटबॉल, तलवारबाजी, कलात्मक जिमनास्टिक, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, स्क्वैश, गोल्फ, टेनिस, कयाकिंग और कैनोइंग, रोइंग, शूटिंग और नौकायन.

(बी) महिला उम्मीदवारों के लिए क्षेत्र: एथलेटिक्स, एक्वेटिक्स, कलात्मक जिमनास्टिक, मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, कुश्ती, तलवारबाजी, कयाकिंग और कैनोइंग, रोइंग, शूटिंग और नौकायन.

नोट:-

(i) निशानेबाजी के लिए, नवीनतम राष्ट्रीय रैंकिंग के अनुसार ओलंपिक स्पर्धाओं में केवल शीर्ष 50 एथलीट ही आवेदन करने के पात्र हैं.

(ii) नौकायन के लिए, आईएलसीए7, आईएलसीए6, 49 रैंक और 49 रैंक (एफएक्स) वर्गों में अंतरराष्ट्रीय/वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता ही आवेदन करने के पात्र हैं.

2. **पात्रता की शर्तें**

(a) डायरेक्ट एंट्री पेटी ऑफिसर (स्पोर्ट्स एंट्री)/चीफ पेटी ऑफिसर (स्पोर्ट्स एंट्री):-

शैक्षणिक योग्यताएं. किसी भी विषय में 10 + 2 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण.

खेल के क्षेत्र में प्रवीणता:

डायरेक्ट एंट्री पेटी ऑफिसर (स्पोर्ट्स एंट्री):-

(i) राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करके जूनियर/सीनियर स्तर पर पदक विजेता होना चाहिए या अंतरराष्ट्रीय स्तर (व्यक्तिगत स्पर्धा) पर देश का प्रतिनिधित्व किया हो.

(ii) जूनियर/सीनियर स्तर (टीम स्पर्धा) पर राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य या देश का प्रतिनिधित्व किया हो.

(iii) खेलो इंडिया गेम्स और यूथ गेम्स या उससे ऊपर के पदक विजेता होने चाहिए.

(iv) अंतिम चयन के लिए उम्मीदवारों की सिफारिशों के साथ संबंधित खेल प्राधिकरणों (संघों) से प्रमाणपत्र भी होने चाहिए.

सीधे प्रवेश वाले चीफ पेटी ऑफिसर (खेल प्रवेश):

(i) विश्व चैंपियनशिप/एशियाई चैंपियनशिप में किसी भी पदक का विजेता.

(ii) एशियाई खेलों में किसी भी पदक का विजेता.

(iii) राष्ट्रमंडल खेलों/विश्व कप में किसी भी पदक का विजेता.

(iv) एशियाई खेलों/राष्ट्रमंडल खेलों/विश्व कप में दो बार भारत का प्रतिनिधित्व किया हो.

(v) ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो.

आयु: पाठ्यक्रम शुरू होने की तिथि के अनुसार 17½ से 25 वर्ष. उम्मीदवारों का जन्म 01 नवंबर 1999 से 30 अप्रैल 2007 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ होना चाहिए.

3. **वेतन और भत्ते:** प्रारंभिक प्रशिक्षण अवधि के दौरान, प्रति माह 14,600/- रुपए का वजीफा स्वीकार्य होगा. प्रारंभिक प्रशिक्षण के सफल समापन पर, उन्हें पेटी ऑफिसर के लिए वेतन स्तर-5 और चीफ पेटी ऑफिसर के लिए वेतन स्तर 6 में रखा जाएगा. इसके अलावा, उन्हें 5200/- रुपए प्रति माह एमएसपी और डीए (जैसा लागू हो) का भुगतान किया जाएगा.

4. **बीमा कवर:** सभी नाविकों के लिए 75 लाख रुपये का बीमा कवर (योगदान पर) लागू है.

प्रोन्नति और भत्ते

5. **पदोन्नति:** मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर-I (सूबेदार मेजर के समकक्ष) के पद तक पदोन्नति की संभावनाएं मौजूद हैं. कमीशन प्राप्त अधिकारी के पद पर पदोन्नति के अवसर उन लोगों के लिए भी मौजूद हैं जो अच्छा प्रदर्शन करते हैं, निर्धारित परीक्षा/चयन प्रक्रिया उत्तीर्ण करते हैं और समय-समय पर निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं.

6. **पूर्व-शर्तें**

(क) प्रशिक्षण की पूरी अवधि के दौरान और उसके बाद, नाविकों को किताबें, पढ़ने की सामग्री, वर्दी, भोजन और आवास आदि निःशुल्क दिए जाते हैं.

(ख) नाविक स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा उपचार और छुट्टी यात्रा रियायत, समूह आवास लाभ बीमा कवर और अन्य विशेषाधिकारों के हकदार हैं. नाविकों को वर्तमान नियमों के अनुसार वार्षिक और आकस्मिक अवकाश का लाभ उठाने का भी विशेषाधिकार है. बच्चों की शिक्षा और मकान किराया भत्ते भी स्वीकार्य हैं. सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों में पेंशनए ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण शामिल हैं.

चयन हेतु मानदंड

7. **चयन हेतु मानदंड:** योग्य उम्मीदवारों को निर्धारित नौसेना केंद्रों पर ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा. ट्रायल में सफल होने वाले उम्मीदवारों को आईएनएस हमला, मुंबई में मेडिकल जांच से गुजरना होगा. नामांकन का प्रस्ताव केवल चयनित उम्मीदवारों को भेजा जाएगा, जो विशेष खेल विषयों में आवश्यकता और रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर सख्ती से निर्धारित किया जाएगा. चयन हेतु ट्रायल के स्थान में बदलाव के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा. अधूरे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

8. **चिकित्सा मानक: (ए)** प्रवेश पर लागू वर्तमान नियमों में निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार अधिकृत सैन्य डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा जांच की जाएगी.

(बी) लिंग: यदि कोई उम्मीदवार बाहरी शारीरिक जांच में विपरीत लिंग की प्रमुख विशेषताओं वाला पाया जाता है, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा. लिंग परिवर्तन सर्जरी कराने वाले किसी भी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

(सी) गर्भावस्था: यदि कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी. उम्मीदवार को रिपोर्टिंग के समय या प्रारंभिक प्रशिक्षण के समापन तक गर्भधारण नहीं करना चाहिए. यदि प्रशिक्षण के दौरान बाद में गर्भवती पाई जाती है, तो उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी.

(घ) न्यूनतम मानक ऊंचाई: पुरुषों के लिए न्यूनतम मानक ऊंचाई 157 सेमी और महिलाओं के लिए 152 सेमी है.

(ङ) उम्मीदवार का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए, किसी भी बीमारी/विकलांगता से मुक्त होना चाहिए, जो शांति और युद्ध की स्थिति में तट पर और समुद्र में कर्तव्यों के कुशल प्रदर्शन में बाधा उत्पन्न कर सकती है.

नोट:- (i) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चिकित्सा जांच से पहले अपने कानों के मोम को साफ करें और दांतों से टार्टर हटा दें.

(ii) ऊंचाई में छूट और टैटू के बारे में विनियम वेबसाइट **www.ioninindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं.

9. **दृश्य मानक**

बिना ठीक की गई दृष्टि	ठीक की गई दृष्टि	रंग बोध
6/12, 6/12	6/6, 6/6	II

नोट:- नौसेना में इसी पद के लिए पिछली भर्ती में किसी सशस्त्र बल अस्पताल द्वारा स्थायी रूप से चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित किए गए आवेदकों को आवेदन न करने की सलाह दी जाती है.

प्रशिक्षण और प्रारंभिक नियुक्ति

10. **प्रशिक्षण:** पाठ्यक्रम के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण आईएनएस चिल्का में आयोजित किया जाएगा, उसके बाद विभिन्न नौसेना प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में आवंटित ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा. सेना की आवश्यकता के अनुसार शाखा/ट्रेड आवंटित किया जाएगा.

11. **अनुपयुक्त के रूप में सेवामुक्ति:** प्रशिक्षण के दौरान किसी भी समय असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण नाविकों को अनुपयुक्त के रूप में सेवामुक्त किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त, यदि तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि में अपेक्षित स्तर तक खेल प्रदर्शन में सुधार नहीं होता है, तो डीई पीओ/डीई सीपीओ नियुक्ति को सेवामुक्त किया जा सकता है.

12. **परिवीक्षा:** डायरेक्ट एंट्री पेटी ऑफिसर और चीफ पेटी ऑफिसर रैंक के रूप में नामांकित मेधावी खिलाड़ी तीन वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे, जिसके दौरान उन्हें निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगा, जिसके विफल होने पर उन्हें तीन वर्ष पूरे होने पर सेवा से सेवामुक्त किया जा सकता है:-

(ए) डायरेक्ट एंट्री पेटी ऑफिसर (स्पोर्ट एंट्री): परिवीक्षा अवधि के दौरान उन्हें अपने प्रदर्शन के स्तर में और सुधार करना चाहिए तथा कम से कम राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सेवा दल का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होना चाहिए.

(बी) डायरेक्ट एंट्री चीफ पेटी ऑफिसर (स्पोर्ट्स एंट्री): (i) टीम स्पर्धाओं में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीन वर्षों में कम से कम दो बार सेना दल का प्रतिनिधित्व किया हो.

(ii) व्यक्तिगत स्पर्धाओं में तीन वर्षों में कम से कम दो बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सेवा दल का प्रतिनिधित्व किया हो या तीन वर्षों में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कम से कम एक बार कोई पदक जीता हो.

13. **प्रारंभिक नियुक्ति:** प्रारंभिक नियुक्ति प्रशिक्षण के सफल समापन के अधीन है. प्रारंभिक नियुक्ति 15 वर्षों के लिए है.

चयन प्रक्रिया

14. आवेदन दिए गए प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए. चयन प्रक्रिया इस प्रकार है:-

(ए) आवेदन केवल साधारण डाक के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा. स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या कूरियर के माध्यम से प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे.

(बी) शॉर्ट लिस्टिंग मानदंड उच्च खेल उपलब्धियों पर आधारित होंगे.

(सी) शॉर्टलिस्ट किए गए पात्र उम्मीदवारों को कॉल अप लेटर पोस्ट किए जाएंगे, जिसमें चयन ट्रायल के लिए तिथि, समय और स्थान का उल्लेख होगा.

(डी) चयन ट्रायल के समय सभी मूल प्रमाण पत्र और मार्कशीट प्रस्तुत की जानी चाहिए.

(ई) भर्ती चिकित्सा परीक्षा में अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित किए गए उम्मीदवार अधिकतम 21 दिनों की अवधि के भीतर निर्दिष्ट सैन्य अस्पताल से विशेषज्ञ समीक्षा का लाभ उठा सकते हैं. आगे कोई समीक्षा/अपील स्वीकार्य नहीं है.

(एफ) भर्ती चिकित्सा में स्थायी रूप से अयोग्य घोषित किए गए उम्मीदवार सरकारी खजाने पर सैन्य प्राप्य आदेश (एमआरओ) द्वारा रु.40/- का भुगतान करके **21 दिनों के भीतर सैन्य** अस्पताल में विशेषज्ञ राय के लिए अपील कर सकते हैं. (निर्दिष्ट सैन्य अस्पताल में विशेषज्ञ राय के अलावा अन्य चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा). आगे कोई समीक्षा/अपील स्वीकार्य नहीं है.

(जी) चयन सूची उन उम्मीदवारों से तैयार की जाएगी जो विशेष खेल विषयों में उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर सभी मामलों में अर्हता प्राप्त करते हैं.

(एच) चयनित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी केवल वर्तमान बैच के लिए वैध है.

(जे) सभी चयनित सूचीबद्ध उम्मीदवारों को नामांकन के प्रस्ताव के साथ पुलिस सत्यापन फॉर्म भी भेजा जाएगा और उम्मीदवारों को संबंधित जिला पुलिस अधिकारियों से इस फॉर्म पर अपने पिछले विवरण सत्यापित करवाने के बाद नामांकन के समय इसे आईएनएस हमला में जमा करना होगा. सत्यापित पुलिस सत्यापन रिपोर्ट के बिना उम्मीदवार नामांकन के लिए पात्र नहीं होंगे. पुलिस सत्यापन फॉर्म का प्रारूप इंटरनेट साइट **www.joinindiannavy.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है.

(के) छह महीने की अवधि के बाद भर्ती/नामांकन के संबंध में कोई पूछताछ नहीं की जाएगी.

15. **आवेदन कैसे करें**

(ए) आवेदन पत्र: आवेदन केवल दिए गए प्रारूप के अनुसार ए4 आकार के कागज पर जमा किया जाना है. केवल एक आवेदन पत्र भेजा जाना है. एक ही प्रविष्टि के लिए- एक से अधिक आवेदन भेजने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा. फॉर्म इंटरनेट से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं: **www.joinindiannavy.gov.in**

(बी) लिफाफा: आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर प्रविष्टि का प्रकार और उपलब्धियों के साथ खेल से संबंधित क्षेत्र स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए. लिफाफे भूरे रंग के होने चाहिए. उदाहरण: डायरेक्ट एंट्री पेटी ऑफिसर/चीफ पेटी ऑफिसर-02/2024 कबड्डी-राष्ट्रीय स्तर.

सी) दस्तावेजों की सूची: आवेदन पत्र में उल्लिखित दस्तावेजों को छिद्रित करके आवेदन पत्र में मजबूत धागे से बांधना होगा.

(डी) फोटोग्राफ: उम्मीदवारों को आवेदन के साथ एक अतिरिक्त रंगीन पासपोर्ट आकार की हाल ही की फोटो जमा करानी होगी, जिसमें फोटो के पीछे उनका नाम और हस्ताक्षर हो. फोटोग्राफ का बैकग्राउंड नीला होना चाहिए. बिना फोटोग्राफ या निर्दिष्ट प्रारूप से भिन्न रूप में प्राप्त आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा. कंप्यूटर जनरेटेड/डिजिटल फोटोग्राफ स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

नोट: सत्यापन अधिकारी का नाम और कार्यालय का पता/मुहर स्पष्ट और सुपाठ्य होनी चाहिए.

16. आवेदनों को अग्रेषित करना. आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए:-

सचिव

भारतीय नौसेना खेल नियंत्रण बोर्ड, 7वीं मंजिल, चाणक्य भवन

नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली-110021

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **20 जुलाई 2024** है. उत्तर पूर्व, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप के उम्मीदवारों के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई 2024 है.

17. **महत्वपूर्ण जानकारी:** इस विज्ञापन में दिए गए नियम और शर्तें परिवर्तन के अधीन हैं और इसलिए इन्हें केवल दिशा-निर्देश के रूप में माना जा सकता है.

- संभावित उम्मीदवारों को किसी भी कठिनाई का सामना करने पर वे नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय से टेली: 011-26887485 पर संपर्क कर सकते हैं.

एजेंटों/धोखेबाजों से सावधान

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध होने का दावा करने वाला व्यक्ति किसी उम्मीदवार को भर्ती करवाने का वादा कर सकता है और इस बहाने पैसे ऐंठ सकता है. हम यह दावा करना चाहेंगे कि ऐसा संभव नहीं है. किसी भी व्यक्ति द्वारा हाथ से प्रस्तुत किए गए आवेदन नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय में खारिज कर दिए जाते हैं. केवल वे आवेदन, जो निर्दिष्ट पोस्ट बॉक्स पर प्राप्त होते हैं, सत्यापन के लिए स्वीकार किए जाते हैं. उसके बाद, सभी शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा कॉल अप लेटर सह एडमिट कार्ड जारी किया जाता है. उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा, शारीरिक फिटनेस टेस्ट और मेडिकल नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा नामित विभिन्न स्वतंत्र टीमों द्वारा आयोजित किए जाते हैं. किसी भी एजेंट के वादों के आगे झुकने से पहले दो बार सोचें. अगर आपको लगता है कि आप अवैध तरीके से काम करवा सकते हैं, तो आप हारने के लिए बाध्य हैं. आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में खुद व्यवहार करें और अनुचित साधनों का उपयोग करने से बचें.

खेल कोटा भर्ती के लिए आवेदन पत्र

डायरेक्ट एंट्री पेटी ऑफिसर (खेल प्रविष्टि)/चीफ पेटी ऑफिसर (खेल प्रविष्टि)- 02/2024 बैच

(विकल्प पर निशान लगाएं)

केवल भारतीय नौसेना कार्यालय उपयोग के लिए

कोड सं.	वैधता स्थिति		आवेदन सं.
	◆ मान्य	◆ अमान्य	

1. मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र के अनुसार बड़े अक्षरों में नाम:-

2. मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र के अनुसार पिता का नाम:-

3. स्थायी पता, पिन कोड और टेलीफोन नं., ई-मेल आईडी (यदि कोई हो):-

जिला

राज्य

दूरभाष पिन

ई-मेल

4. पिन कोड और दूरभाष नं. (यदि कोई हो) सहित वर्तमान पता:-

जिला

राज्य

दूरभाष पिन

ई-मेल

5. शैक्षिक विवरण-

शैक्षिक योग्यता	उत्तीर्णता का वर्ष	परीक्षा आयोजिक प्राधिकरण	जिस राज्य से परीक्षा उत्तीर्ण की	प्रमाणपत्र पत्र की क्रम संख्या	प्राप्तांक/ कुल अंक	%
मैट्रिक						
12वीं						

6. राष्ट्रीयता: ..... 7. जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष): .....

8. लिंग: पुरुष/महिला

9. वैवाहिक स्थिति :	विवाहित	अविवाहित

10. क्या आपको पहले भी सशस्त्र बलों से छुट्टी मिल चुकी है?	हां	नहीं

11. खेल का क्षेत्र: 12. भागीदारी का स्तर: अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य/विश्वविद्यालय स्तर

13. दृश्यमान पहचान चिन्ह (कम से कम दो):-

1.	
2.	

घोषणा

1. मैं यह घोषणा करता हूं कि आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य हैं और आवेदन मेरे द्वारा भरा गया है.
2. मुझे कभी भी किसी परीक्षा में बैठने से नहीं रोका गया है, न ही मुझे अनुशासनात्मक आधार पर रक्षा प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों से वापस बुलाया गया है, न ही मुझे कभी गिरफ्तार किया गया है, न ही मुझ पर मुकदमा चलाया गया है या आपराधिक न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है या पुलिस द्वारा दर्ज किसी अन्य मामले में शामिल किया गया है. मैंने इस बैच के लिए एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं किए हैं.
3. मैं वचन देता हूं कि यदि चयन के किसी भी चरण में मेरी उम्मीदवारी के लिए अयोग्यता पाई जाती है और इसके परिणामस्वरूप मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाती है, तो मैं मुआवजे के लिए कोई दावा नहीं करूंगा.
4. तथ्यों का जानबूझकर गलत प्रस्तुतीकरण और जानकारी को छिपाने के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और मुझे भविष्य की परीक्षाओं के लिए आवेदन करने से स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए रोक दिया जा सकता है.

स्थान: .....
दिनांक: .....

आवेदक के हस्ताक्षर
माता-पिता के हस्ताक्षर

कार्यालय मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, नर्मदापुरम

जल संसाधन विभाग, सिविल लाईन, नर्मदापुरम (म.प्र.)

फोन नं. : 07574-250424, फैक्स नं. : 07574-250414, ई-मेल : ceomwrd@rediffmail.com

विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजन की सहायक ग्रेड-3 की भर्ती हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्र. एफ-8-2/2013/आ.प्र./एक दिनांक 04.01.2024 एवं प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल के पत्र क्र. 3324900/सी.भ./2024/1240 दिनांक 12.06.2024 में दिए गए निर्देशानुसार विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजनों के सहायक ग्रेड-3 के पद की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुए नीचे दर्शाए गए निहित प्रारूप में **दिनांक 05.07.2024 तक** कार्यालयीन समय सायंकाल 6:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए (अवकाश के दिनों को छोड़कर)। कार्यालय मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, नर्मदापुरम पिन कोड-461001 के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। निर्धारित दिनांक समय पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक से हुये विलम्ब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा (रिक्त पदों का विवरण वेतनमान निर्धारण योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है :-

पदनाम	पद की श्रेणी	वेतनमान	दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्तियां		निर्धारित योग्यता	वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि
सहायक ग्रेड-3	तृतीय	5200-20200+ग्रेड पे 1900 (सातवें वेतनमान के मैट्रिक लेवल 4) समय-समय पर देय अन्य भत्ते	VH	2	1. म.प्र. बोर्ड से हायर सेकेंड्री (10+2) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से न्यूनतम एक वर्षीय संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य। 3. म.प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) स्कोर कार्ड अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं हिन्दी टंकण में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।	दिनांक 10.07.2024 समय प्रात: 11.00 बजे से इंटरव्यू समाप्ति तक
			EH	2		
			LD	1		
			MD	1		
			योग	6		

अन्य शर्तें :-

1. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 2. समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है। 4. आवेदक का मध्यप्रदेश में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 5. विभाग में कार्यरत आवेदक/कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। 6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ दिखाना अनिवार्य है। 7. निःशक्तता का डिजीटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा। 8. डिजीटल जाति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा। 9. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। 10. आवेदक की ई-मेल आई.डी. .. .. एवं मो.नं. - .....। 11. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है, उनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। 12. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार 03 वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतनमान का 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत, तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायफण्ड के रूप में देय होगी। 13. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, नर्मदापुरम के पास सुरक्षित होंगे। 14. अन्य सेवा शर्तें विभाग में प्रचलित नियमानुसार होगी। 15. विकलांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही आवेदन मान्य होगा। 16. उक्त भर्तियों के संबंध में विस्तृत जानकारी (आवेदन पत्र के फार्मेट सहित) विभागीय वेबसाइट **http://mpwrd.gov.in** से भी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
जल संसाधन विभाग, नर्मदापुरम

जी-12464/आर-49752/2024

श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय

कस्तूरबा हॉस्पिटल रोड, हबीबगंज, भोपाल-462024

ई-मेल : ssswcbhopal@yahoo.in, Phone No. : 0755-2451119

विज्ञापन

श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय, भोपाल में सत्र 2024-25 हेतु कन्या छात्रावास संचालन के लिये एक पूर्णकालिक महिला मैनेजर/मेट्रन की आवश्यकता है। आयु सीमा 35 से 55 वर्ष के मध्य, शिक्षित (न्यूनतम स्नातक) एकल या विधवा एवं छात्रावास संचालन की अनुभवी महिला को प्राथमिकता। सादे पेपर पर आवेदन के साथ योग्यता प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अन्य प्रमाण-पत्र के साथ इच्छुक आवेदक अपना आवेदन **दिनांक 9 जुलाई, 2024** तक महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करें।

आर-49757/2024

प्राचार्य/निदेशक

दस्तावेजों की सूची: निम्नलिखित दस्तावेजों को नीचे दिए गए क्रम में आवेदन के साथ छिद्रित करके एक मजबूत धागे से मजबूती से बांधकर संलग्न किया जाना है:-

1. स्वयं सत्यापित प्रति **(ए)** मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र. (जन्म तिथि के सत्यापन के लिए) **(बी)** 10वीं की मार्कशीट **(सी)** एनसीसी/खेल प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) **(डी)** निवास प्रमाण पत्र **(ई)** मार्कशीट के साथ 10+2 प्रमाण पत्र
2. 22 × 10 सेमी आकार के दो स्व-पता लिखे लिफाफे जिनमें से एक लिफाफे पर 10/- रुपये की मोहर लगी हो.

पहचान पत्र

जन्म तिथि (दिन/माह/वर्ष)

आवेदन सं.

नाम (बड़े अक्षरों में)																		
पिता का नाम																		

दृश्यमान पहचान चिन्ह (कम से कम दो)

1.																		
2.																		

Lal Bahadur Shastri Institute of Technology & Management (LBSITM)
Approved by AICTE, Affiliated to DAVV, Indore

Sanwer Road State Highway, Indore-453 551 (M.P.)
91 99933-72364, 07321-299436

Applications are invited for:

Director | Professor | Associate Professor
Assistant Professor (Commerce & Management)

Areas of Specialization: Marketing, Human Resources, Finance, Information Technology, Economics and General Management & Commerce. (Selection Under DAVV College Code 28).

Eligibility: As per UGC / AICTE Norms,
Candidates should be NET / SET / SLET Qualified / Ph.D.
(Regulation 2009 in their relevant field).

Accountant | Assistant Placement Officer | Librarian
Sports Officer | Office Executives/Receptionist

VIGILANCE

Please mail your application with resume to:
recruitmentlbsitmindore@gmail.com
Apply within 7days from the date of advertisement.

R-49758/2024

MAHARANA PRATAP COLLEGE, BHOPAL
Village Amla, Amarpura Road, Near Ratibad, Bhopal M.P. - 462044
Phone No. : 9229658661 Email: mpcbhopal520@gmail.com
(Affiliated to Barkatullah University Bhopal)

REQUIRES

Assistant Professors in below given Subjects under College Code-28 of the university.

Subject	Post	Subject	Post
Computer	02	Political Science	01
Physical Education	03	Commerce	01
English	01	Economics	01

Qualification - PG in relevant subject with minimum 55% and NET/SLET/Ph.D other qualification as per norms. Salary as per norms. The number of vacancies is subject to change and institute reserves full rights for it. Interested candidates may apply along with CV, testimonials and four recent passport size photographs within 15 days mentioning the post applied for on the top of envelope, to **Chairman, Maharana Pratap College, City Office A-6 Vidhya Nagar, Opposite Barkatullah University Bhopal - 462026 or mail us on mpcbhopal520@gmail.com. For further enquiry contact -7049813180**

PRINCIPAL

VIKALP ADVT. R-49759/2024

जनहित एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का करें निर्वहन

अलीराजपुर, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री नागरसिंह चौहान अलीराजपुर में पटवारी संघ के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। श्री चौहान ने कहा कि जनहित एवं ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए किसानों के हित में कार्य करें। पटवारी संघ के वार्षिक सम्मेलन में सांसद श्रीमती अनीता नागरसिंह चौहान, कलेक्टर श्री अभय अरविंद वेडेकर, पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिले के पटवारी और अधिकारी उपस्थित थे।

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 298/MTN/2024 (Flood Damage-SR)

No./7716/22/D-12/NIT-Maint./2024 Bhopal, Dated : 26.06.2024

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SOR issued by Engineer-in-Chief MPPWD Bhopal for Road and Bridge work effective from 25.03.2022 and amended upto issue date of NIT.**
- **Name of Work - Special Repair of Bridge (Flood Damage)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Jhabua	1	18373000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.06.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

M.P. Madhyam/115074/2024 R-49761/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, फ्लैट क्र. 303 एवं 304 थर्ड फ्लोर साक्षी ग्रीन बिल्डिंग हरदौल गार्डन के फ्रन्ट पर, सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 02/2024-25

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2024-25 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_353525_1, MPPHC_353526_1, MPPHC_353527_1, MPPHC_353528_1, MPPHC_353529_1 एवं MPPHC_353530_1 है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.07.2024 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

R-49762/2024 म.प्र. माध्यम/115080/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03
भोपाल- 462003, मोबा. नं. : 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com

क्र./मप्रपुआअविनि/578/पयं/भोपाल-03/तशा/2024 भोपाल, दि. : 26.06.2024

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य सी.एम. राईज स्कूल सुन्दरसी, शुजालपुर एवं शाजापुर में 11/0.4 KV, 1x200 KVA शिरोपरि लाइन का कार्य हेतु निविदा क्रमांक 02/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-353495, 353496, 353497 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.07.2024 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/115098/2024 R-49763/2024 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)
द्वितीय तल, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफिस बिल्डिंग
कालीबाड़ी रोड, भेल, सेक्टर-ए, बरखेड़ा, भोपाल-462022

भर्ती के लिए विज्ञापन

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है।
तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा आवेदन आमंत्रित हैं :

Director (System)
AGM (Safety)

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल की वेबसाइट **www.mpmetrorail.com** के कॅरियर विकल्प में उपलब्ध हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन क्र. 2798/HRD/MPMRCL-053/2024, दिनांक 26.06.2024 एवं विज्ञापन क्र. 2799/HRD/MPMRCL-054/2024, दिनांक 26.06.2024 देखें।
रिक्त पदों के लिए ऑफलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि 30 जुलाई 2024 को सायं 5:00 बजे तक** है।

म.प्र. माध्यम/115099/2024 **प्रबंध संचालक, एमपीएमआरसीएल**

R-49764/2024

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड, भोपाल

क्र./783/तशा/प.यं./2024 दिनांक : 26.06.2024

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल एवं गुना जिले में जीर्णोद्धार/नवीनीकरण/मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2024_MPPHC_353675_1, (2) 2024_MPPHC_353677_1, (3) 2024_MPPHC_353678_1, **दिनांक 10.07.2024 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/115124/2024 R-49766/2024 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
फोन नं. : 9425601556, 9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत सड़क कार्य मुख्य मार्ग से पुलिस लाइन निवाड़ी जिला निवाड़ी के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER NO. 2024_MPPHC_353876_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 12.07.2024 समय 17:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/115110/2024 R-49765/2024 **परियोजना यंत्री**

INTELLICON COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES

Plot No. 751.1,764/2/1, 765/1, 778 Gram kharpa, Ratibad, Bhopal (M.P.), Recognized by NCTE, And Affillated to Barkatullah University, Bhopal (M.P.)

Applications are invited for the appointment of Teaching staff for B. Ed.
Programme under college code-28 of the University

PROFESSORS /ASSISTANT PROFESSORS

In science, Social Science, Arts/Humanities, Commerce, Language, Fine Arts, Performing arts and Physical Education. Qualifications and salary as per NCTE/UGC/ Affiliating University. Interested candidate may send their resume

along with all the documents and passport size photograph or mail to **Intelllcon123@gmail.com within 7 days.**

R-49774/2024

राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल ने पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को पिलाई दवा

भोपाल, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ जिले के सारंगपुर तहसील के सिविल अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि यह अभियान 25 जून तक चलेगा अपने आस पड़ोस में 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की ड्रॉप जरूर पिलाएं। आपके अपने बच्चे के स्वास्थ्य के लिए भी यह आवश्यक है कि देश का एक-एक बच्चा पोलियो ड्रॉप ले। श्री टेटवाल ने उपस्थित पेरेंट्स से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो के साथ ही अन्य सभी वैक्सीन भी समय पर लगवाएं जिससे बच्चों की प्रतिरोधी क्षमता बढ़े।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
विश्वविद्यालय भवन, इंदौर-452001

दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी दिव्यांगजन श्रेणी के विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत पदों की पूर्ति हेतु देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में दिव्यांगों के चतुर्थ श्रेणी भृत्य के पद हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन पत्र **दिनांक 09.07.2024 तक** आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन एवं अन्य विवरण हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.dauniv.ac.in** पर देखा जाए।

म.प्र. माध्यम/115153/2024 R-49773/2024 **कुलसचिव**

APPOINTMENT
INTELLICON COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES

Plot No. 751.1, 764/2/1,765/1,778 Gram kharpa, Ratibad, Bhopal (M.P.), Recognized by NCTE, New Delhi & Affillated to M.P. Board of Secondary Education, Bhopal

Applications are invited for the appolntment of Assistant professors for D.EL.ED programme

1. Principal/HOD - 01
2. Assistant Professors - 07

In science, Social Science, Arts/Humanities, Commerce, Language, Fine Arts, Performing arts and Physical Education.

Qualifications As per NCTE Norms. Salary as per UGC Norms. Interested Candidate May send their resume along with all the necessary documents & passport size photograph or mail to **Intelllcon123@gmail.com within 7 days.**

R-49775/2024

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in

No. : 6573/GM/MPBDC/2024 Bhopal, Dated : 28.06.2024

CORRIGENDUM/AMENDMENT

FOR NIT No. :
4949/GM/MPBDC/CW/24/NIT-52 BHOPAL, DATED 12.03.2024
and
5000/GM/MPBDC/DEMOLITION/24/NIT-54 DATED 14.03.2024

The name of the following works under NIT 52 and 54 are amended as below :-

S. No.	NIT No.	Name of Work Published	Revised Name of Work
1.	NIT-52	Proposed Construction & Development of Medicity in Ujjain, District Ujjain	Proposed Construction & Development of Medical College in Ujjain, District Ujjain
2.	NIT-52	SQC Consultancy Work of Medicity in Ujjain, District Ujjain Package No. 014/2024/SQC/BDC/UJJAIN	SQC Consultancy Work of Medical College in Ujjain, District Ujjain Package No. 014/2024/SQC/BDC/UJJAIN
3.	NIT-54	Demolition of Existing Unserviceable Buildings and Cleaning of Demolished Material from site of District Hospital Ujjain Campus for Proposed Construction & Development of Medicity in Agar Road Ujjain, District Ujjain, MP	Demolition of Existing Unserviceable Buildings and Cleaning of Demolished Material from site of District Hospital Ujjain Campus for Proposed Construction & Development of Medical College in Agar Road Ujjain, District Ujjain, MP

M.P. Madhyam/115136/2024 **MANAGING DIRECTOR**

R-49770/2024

जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक सम्पन्न

आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि 417.60 करोड़ रुपये रिलीज करने का अनुरोध

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश ने केंद्र से नवंबर माह 2023 की जीएसटी की रुकी हुई आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि 417.60 करोड़ रुपये रिलीज करने का अनुरोध किया है। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से इस संबंध में चर्चा की। श्रीमती सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों से जीएसटी सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ प्री बजट मीटिंग में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने राज्य की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रस्ताव रखे। जीएसटी काउंसिल बैठक में श्री देवड़ा ने कहा कि राज्य सरकार को जीएसटी के अंतर्गत माह नवंबर 2023 की आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि 1878.94 करोड़ रुपये प्राप्त होनी थी, जिसमें से 1461.34 करोड़ राशि ही मध्यप्रदेश को प्राप्त हुई। उन्होंने अनुरोध किया कि मध्यप्रदेश के हिस्से की शेष राशि 417.60 करोड़ रुपये रिलीज की जाये। श्री देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश का सिंचाई परिदृश्य बदलने वाली केन बेतवा लिंक परियोजना एवं वर्ष 2028 में होने वाले उज्जैन सिंहस्थ के प्रबंधन के लिये अधिकतम राशि उपलब्ध कराई जाये। पूंजीगत ऋण व्यवस्था निरंतर जारी रखने की आवश्यकता भी जताई।

भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि जीएसटी काउंसिल के सभी सदस्यों के सहयोग से जिस कुशलता से श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अध्यक्षता की है और अभूतपूर्व निर्णय लिए हैं, उससे देश के जीएसटी राजस्व संग्रहण में 2 लाख करोड़ रुपये की सीमा के पार जाने का रिकॉर्ड बना है। श्री देवड़ा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा।

पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क परियोजना के क्रियान्वयन को गति दी जाए - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए

भोपाल, धार जिले में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 500 करोड़ रुपये की परियोजना से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जाए। पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क में 21 इकाइयों द्वारा 25 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसियां तत्परता से अपनी भूमिका का निर्वहन करें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक में कही। मुख्यमंत्री ने उद्योगों के विकास के लिए समेकित योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रस्तावित औद्योगिक नीति पर भी चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा मंजूरियां प्राप्त हुई हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए तेजी से कार्य करना है। वृहद परियोजनाओं में पीथमपुर, रतलाम में कुल 35 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश से एक लाख से अधिक लोगों को रोज़गार मिलेगा। इंदौर-पीथमपुर इकानॉमिक कॉरिडोर का विकास 3200 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित है। यह परियोजना 2125 करोड़ रुपये की है और इससे लगभग एक लाख से अधिक लोगों को रोज़गार प्राप्त होगा। इंदौर के मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क से भी 5 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार मिलेगा। इसकी लागत 20 हजार करोड़ रुपये है। उज्जैन के विक्रमपुरी उद्योग क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए भारत सरकार ने 100 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। यहां कुल 360 एकड़ क्षेत्रफल में 225 करोड़ रुपये की लागत से अधोसंरचनात्मक के कार्य किए जा रहे हैं। बीते छह महीने में 28 इकाइयों को 71.83 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। मेडिकल इक्विपमेंट के क्रय करने की प्रक्रिया भी वर्तमान में संचालित है। इसी तरह उज्जैन के विक्रमपुरी उद्योग क्षेत्र में गत छह माह में 58 अन्य औद्योगिक इकाइयों के लिए भी 459.24 एकड़ भूमि प्रदान की जा चुकी है। इस औद्योगिक क्षेत्र में कुल 5407.59 करोड़ के निवेश को मंजूरी मिली है। लगभग 15 हजार जरूरतमंद लोगों को रोज़गार मिलेगा।

जनवरी 2025 में इन्वेस्टर्स समिट

प्रदेश में रोज़गारपरक उद्योग स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। आने वाले वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। जनवरी 2025 में इन्वेस्टर्स समिट भी प्रस्तावित है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रीजनल इंडस्ट्रियल समिट होंगी। मुख्यमंत्री प्रदेश में नए औद्योगिक निवेश के लिए भारत के प्रमुख नगरों में उद्योगपतियों के साथ बैठकें करेंगे। प्रदेश में स्पेस टेक्नोलॉजी पर नेशनल कॉन्फ्रेंस होगी। बैठक में बताया गया कि मेपकास्ट के साथ ही इसरो जैसी संस्थाओं के सहयोग से युवाओं के लिए उपयोगी उद्योगों और व्यवसाय के क्षेत्र की गतिविधियां होंगी।

नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें

भोपाल, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई (जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर) में पोलियो ड्रॉप पिलाकर मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश वर्ष 2008 से अब तक पोलियो मुक्त बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। प्रदेश में शुरू हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ में जाकर दो बूंद जिंदगी की अवश्य दिलायें और देश और प्रदेश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री ने उपस्थितजनों को पोलियो ड्रॉप और वैक्सीनेशन अभियान में सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

जीजी फ्लाइओवर का कार्य शीघ्र करें पूर्ण

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने निर्माणाधीन जीजी फ्लाइओवर और जेपी अस्पताल में निर्माणाधीन नवीन इमारत का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच 148 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे जीजी फ्लाइओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फ्लाइओवर निर्माण में हो रही देरी के कारणों की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो, नगर निगम, और जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यों में समन्वय न होने के कारण यह देरी हो रही थी। उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।



केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और श्री भजनलाल शर्मा ने मध्यप्रदेश भवन में भेंट की

गौमाता के खिलाफ अपराध बर्दाश्त नहीं

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी में हुए गौ-वंश हत्या की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में गौमाता के खिलाफ कोई भी अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जबलपुर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को भी पूरे मामले पर नजर रखने को कहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) श्री पवन श्रीवास्तव एवं टीम फील्ड में पहुंच रही है। गौ-वंश हत्या के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

श्री शालिगराम तोमर ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक विद्यार्थी को गढ़ने का कार्य किया - मुख्यमंत्री

शालिगराम स्मृति समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य अतिथि उपस्थित हुए

भोपाल, विद्यार्थी परिषद के संस्थापक यशस्वी श्री शालिगराम तोमर जी ने विद्यार्थी परिषद के एक-एक विद्यार्थी को गढ़ने का कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ता की गलतियों को क्षमा कर उनके अंदर छुपी अच्छाइयों को निखारने का कार्य किया। श्री शालिगराम जी ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के निर्माण के लिए उनके गुण-अवगुणों का बारीकी से अध्ययन कर उनकी प्रतिभा को उभारने में योगदान दिया। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में नवलय संस्था द्वारा आयोजित 'शालिगराम तोमर स्मृति समारोह' को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री शालिगराम जी ने आपातकाल में जो कार्यकर्ता जेल में थे, उनके परिवारों से जीवंत सम्पर्क कर उनका उत्साह बनाये रखने में प्रमुख भूमिका निभाई। श्री शालिगराम जी को 1978 में 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने महाकौशल, मध्यप्रदेश, ओडिशा तथा उत्तर प्रदेश में विद्यार्थी परिषद के कार्य को मजबूत किया।

कार्यक्रम में समाज सेवी श्रीमती डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि श्री शालिगराम तोमर जी छात्राओं और महिला कार्यकर्ताओं के कार्यों पर भी पैनी नजर रखते थे और उन्हें प्रोत्साहित करते थे। उनसे न केवल कार्य करने की प्रेरणा मिली बल्कि देश सेवा की सीख भी मिली।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग-2024 की प्रारंभिक परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी 55 जिला मुख्यालयों पर दो सत्रों में राज्य सेवा परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई। पहला पेपर सामान्य अध्ययन सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरा पेपर सामान्य अभिरुचि का 2.15 से शाम 4 बजे तक हुआ। परीक्षा के लिए प्रदेश के एक लाख 83 हजार आवेदक पंजीकृत थे, जिसमें से 1 लाख 34 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए।

अटल बिहारी शासकीय महाविद्यालय इंदौर में एक परीक्षार्थी का नकल प्रकरण भी दर्ज किया गया। सभी जिला मुख्यालयों से सीलबंद ओएमआर शीट आयोग कार्यालय में पुलिस अभिरक्षा में आएंगी और तत्काल ही उनकी स्कैनिंग करा ली जाएगी। इसी बीच पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र की खबर भी गलत निकली। वायरल प्रश्न पत्र पूरी तरह से फर्जी था। आयोग के अधिकारियों द्वारा परीक्षा शुरू होने के बाद एक केन्द्र पर जाकर असली प्रश्न पत्र से मिलान किया गया। दोनों प्रश्न पत्र अलग पाए गए। आयोग द्वारा संज्ञान लेकर आयोग की छवि धूमिल करने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत कर दी गयी है।

- **वायरल पेपर लीक की खबर फर्जी निकली, पीएससी ने की पुलिस में एफआईआर दर्ज।**
- **परीक्षा में 73 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे उपस्थित।**

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सीएम ब्लॉग

स्वत्व, स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन का बलिदान

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को भारतीय राजनीति और समाज में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय से आगे की सोच के लिए जाना जाता है। उनके जीवन और कार्यों ने दिखाया कि वे न केवल अपने समय के मुद्दों को समझते थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का भी गहरा ज्ञान रखते थे।

देश और समाज के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कितना नुकसान पहुंचा सकती है, इसको हमारे कई दार्शनिक समाजसेवियों ने दशकों पहले समझ लिया था। एक देश और एक विधान का मंत्र देने वाले डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने इसके लिए मिसाल पेश की। स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने तुष्टिकरण की नीति पर चलना शुरू किया तो डॉ. मुखर्जी ने केबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। आज केंद्र में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में देश की बागडोर है। इसके पीछे डॉ. मुखर्जी की ही नीति और सोच है। आज उनका बलिदान दिवस है। हम और आप उन्हें अपने-अपने तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

हमें पता है कि आजादी मिलने के बाद बनी पहली केंद्र सरकार से डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के मतभेद देखने को मिले थे, जब तत्कालीन नेहरू सरकार ने भारत के संविधान में जबरन अनुच्छेद 370 जोड़कर देश की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया था। अखंड भारत के समर्थक डॉ. मुखर्जी ने कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति का विरोध किया।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारत माता के महान सपूत थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल किया था। नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के बीच हुए समझौते के पश्चात 6 अप्रैल 1950 को उन्होंने मंत्रीमंडल से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकर जी से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। 1951-52 के आम चुनावों में राष्ट्रीय जनसंघ के तीन सांसद चुने गए जिनमें एक डॉ. मुखर्जी भी थे। तत्पश्चात उन्होंने संसद के अन्दर 32 लोकसभा और 10 राज्यसभा सांसदों के सहयोग से नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया। डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी।

अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को कुख्यात परमिट सिस्टम का उल्लंघन करके कश्मीर में प्रवेश करते हुए गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के दौरान ही विषम परिस्थितियों में 23 जून, 1953 को उनका स्वर्गवास हो गया।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन और कार्य एक अद्वितीय उदाहरण है, जिसमें उन्होंने शिक्षा, राजनीति और सामाजिक सुधार के विभिन्न मोर्चों पर उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक प्रतिष्ठित बंगाली भद्रलोक परिवार में हुआ था, जो उस समय अपनी बौद्धिकता और सांस्कृतिक योगदान के लिए विख्यात था।

मात्र 33 साल की उम्र में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को कोलकाता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। यह उनके ज्ञान, योग्यता और विद्वता का प्रमाण था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विश्वविद्यालय में शैक्षिक सुधार किए, नई पाठ्यक्रम नीतियों को लागू किया और छात्रों के समग्र विकास पर जोर दिया। डॉ. मुखर्जी ने हिंदू महासभा के माध्यम से हिंदू समाज के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए जोरदार वकालत की। उन्होंने बंगाल के विभाजन के समय हिंदू बहुल क्षेत्रों को भारत में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हमें गर्व है कि हम सब उसी जनसंघ से निकले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। डॉ. मुखर्जी एक प्रखर शिक्षाविद, दृढ़ राजनीतिज्ञ और निष्ठावान राष्ट्रवादी थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से भारतीय समाज और राजनीति में अमूल्य योगदान दिया। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ ने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया और उनके विचार आज भी भारतीय जनता पार्टी और अन्य राष्ट्रवादी संगठनों में प्रतिबिंबित होते हैं।

हमारे देश के लिए डॉ. मुखर्जी की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। हमें माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का संसद में दिया गया वह वक्तव्य पूरी तरह याद है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर श्यामाप्रसाद मुखर्जी नहीं होते, तो बंगाल भारत का हिस्सा नहीं होता। आज बंगाल अगर भारत में है तो श्यामाप्रसाद मुखर्जी के कारण है।

राष्ट्र सेवा में स्वयं को समर्पित करने वाले मां भारती के अमर सपूत एवं जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र हित में किये गए कार्य एवं उनका आदर्श व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। राष्ट्र की अखंडता के लिए कंटकाकीर्ण मार्ग पर चलकर संगठन के एक-एक कार्यकर्ता को राष्ट्र प्रथम का मंत्र दिया। आज भाजपा के कार्यकर्ता वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के लिए अहर्निश कार्य कर रहे हैं। डॉ. मुखर्जी की विचारधारा में देश की एकता-अखंडता, सांस्कृतिक उत्थान, देश के नागरिकों का आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक व राजनैतिक उत्थान समाहित है।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष जनता की लड़ाई, जनता के लिए, जनता द्वारा लड़े जाने का है उदाहरण

भोपाल, आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। आपातकाल के कष्टों से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से तत्कालीन परिस्थितियों, दमन और लोकतंत्र सेनानियों की जीवटता का उल्लेख पाठ्यक्रम में किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास मुख्यमंत्री का निवास नहीं, अपितु लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक भाग है और लोकतंत्र सेनानी लोकतांत्रिक व्यवस्था के सर्वाधिक सम्मानित व्यक्ति हैं। मुख्यमंत्री निवास में ससम्मान आना उनका अधिकार और सेनानियों का स्वागत व सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। लोकतंत्र सेनानी मुख्यमंत्री निवास पधारे, यह हमारा सौभाग्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोकतंत्र सैनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को सर्किट हाउस और विश्राम गृह में तीन दिन तक रुकने की सुविधा तथा किराये में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। जिन लोकतंत्र सेनानियों को अब तक ताम्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें ताम्रपत्र प्रदान किये जाएंगे। लोकतंत्र सेनानियों को पास दिखाने पर टोल नाकों पर भी छूट रहेगी। उनके आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज पर हुए व्यय के भुगतान में विलम्ब नहीं होगा।

कलेक्टर द्वारा 3 माह में भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। गंभीर स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में उपचार के लिए बड़े अस्पताल या अन्य महानगर जाने के लिए उन्हें एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलाब्ध कराई जाएगी।

प्रदेश में आरंभ एयर टैक्सी सुविधा के किराए में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों के परिवार के सदस्यों को उद्योग धंधे लगाने अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनके लिये रोज़गार की व्यवस्था की जाएगी।

प्रदेश के बड़े नगरों में जनप्रतिनिधियों की सहमति से लागू होंगे ट्रैफिक प्लान

भोपाल, प्रदेश के बड़े नगरों के लिए नए ट्रैफिक प्लान की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो ट्रेन के संचालन का निर्णय शामिल है, जो सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के लिए आवाजाही की सुविधा की दृष्टि से भी उपयोगी होगा। आने वाले समय में इंदौर एयरपोर्ट से महाकाल मंदिर तक वंदे मेट्रो की सुविधा प्रदेशवासियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक अहम सौगात होगी। विभिन्न नगर परस्पर बेहतर ढंग से जुड़ सकेंगे। समीक्षा में जानकारी दी गई कि भोपाल में एम्स से करोंद चौराहे तक कुल 16.74 किलोमीटर की लंबाई में मेट्रो की लाइन तैयार करने का कार्य तीन चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण सात किलोमीटर का है, जिसमें 8 स्टेशन (एलिवेटेड) शामिल हैं। इंदौर मेट्रो की प्रगति पर भी बताया गया कि कुल 31.32 किलोमीटर में कार्य हो रहा है। इंदौर में कुल 28 स्टेशन बनेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में आयोजित बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में भोपाल और इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के बाद कहा कि सुगम यातायात के लिए प्रदेश के बड़े नगरों जैसे भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में मेट्रो के साथ वंदे मेट्रो, रोप-वे, इलेक्ट्रिक-बस और केबल-कार जैसे साधनों का उपयोग किया जाएगा। आगामी आवश्यकताओं की दृष्टि से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। यातायात के विकल्पों के उपयोग के अंतर्गत उज्जैन से ओंकारेश्वर रूट, भोपाल से इंदौर, जबलपुर से ग्वालियर के लिए भी विचार कर जरूरी निर्णय लिए जाएंगे।

प्रदेश में चलेंगी
वंदे मेट्रो सर्किल ट्रेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से हाल ही में हुई चर्चा के अनुसार मध्यप्रदेश में विभिन्न नगरों के लिए वंदे मेट्रो चलाने पर सहमति हुई है। पुरानी मेट्रो के स्थान पर वंदे मेट्रो सर्किल ट्रेन नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात होगी। ऐसे नगरों में जहां यातायात का दबाव बढ़ रहा है, वहां मेट्रो ट्रेन संचालन की दृष्टि से समेकित रूप से योजना बनाने के लिए सर्किल ट्रेन की सुविधा प्रारंभ करने पर सहमति हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल से भेंट की

स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रदेश को शीर्ष में लाने मनोयोग से करें कार्य

भोपाल, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल में राज्य स्तरीय 'दस्तक सह स्टॉप डायरिया' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य के विभिन्न पैरामीटर आईएमआर, एमएमआर, सीएमआर आदि में मध्यप्रदेश को शीर्ष स्तर में ले जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले को पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नौनिहालों की स्वास्थ्य सुरक्षा के इस अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश में योग्यता की कमी नहीं है। विभाग को निरंतर सशक्त किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में संसाधनों की कमी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग में आगामी 6 महीने में 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। मध्यप्रदेश के हर नागरिक, हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहुँच और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हम सतत प्रयासरत हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपील की है कि मेडिकल प्रोफेशनल ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने के बारे में सोचें।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से आपातकाल में दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाएं मुहैया कराने का प्रयास किया गया है। एयर एम्बुलेंस सेवा का आवश्यकतानुसार उपयोग सुनिश्चित करने लिए विभागीय अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को जागरूकता लाने के निर्देश दिये गये हैं। तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण अंचल में उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचनात्मक विकास और मैनपॉवर उपलब्धता के सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए बच्चों का स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने अभियान की सफलता के लिए मैदानी अमले को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोदो और कुटकी का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगा उपार्जन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि भवन में सौजन्य भेंट की

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि भवन दिल्ली में सौजन्य भेंट कर उनके मंत्रालयों से संबंधित प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के श्रीअन्न को प्रोत्साहन देने के आह्वान पर मध्यप्रदेश में उत्पादित कोदो और कुटकी को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का अनुरोध किया, जिससे प्रदेश के जनजातीय कृषकों को विशेष लाभ मिल सके। उन्होंने कोदो और कुटकी का रागी के बराबर न्यूनतम समर्थन मूल्य 4290 रुपये देने का अनुरोध किया, जिसे केंद्रीय कृषि मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का बंपर उत्पादन हुआ है जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश की ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन के लक्ष्य की सीमा को बढ़ाए जाने का भी अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने उचित विचार करने का आश्वासन दिया। श्री चौहान ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में दलहन और तिलहन फसलों का अधिक से अधिक उत्पादन किया जाए, जिससे देश की खाद्यान्न सुरक्षा मजबूत हो सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नहर से सिंचाई व्यवस्था के स्थान पर प्रेशराइज्ड पाइप से खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद के निर्णय

मृदा नमूनों के परीक्षण पश्चात अब किसानों को मिल सकेंगे स्वाइल हेल्थ कार्ड

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा विकासखण्ड स्तर पर कृषकों को मिट्टी परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के भवन एवं यथा उपलब्ध प्रयोगशाला उपकरणों को युवा उद्यमियों/संस्थाओं को उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी गई है। इससे युवा उद्यमियों/संस्थाओं के माध्यम से किसानों के मृदा नमूनों का परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड (स्वाइल हैल्थ कार्ड) उपलब्ध कराये जाएंगे।

स्थानीय प्राधिकरण में संशोधन

मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण अधिनियम 1964 (अद्यतन 2014) में संशोधन का निर्णय लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के खण्ड (ख) में 'प्रिन्ट मीडिया' सम्मिलित नहीं होने से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की अनुशंसा अनुसार मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 की धारा 3(1) के (ख) में संशोधन कर विद्यमान प्रावधान में से शब्द प्रिन्ट मीडिया के विलोपन की स्वीकृति दी।

वृक्षारोपण की नीति में संशोधन

मंत्रिपरिषद ने राजपत्र दिनांक 10 दिसम्बर 2021 में प्रकाशित संयुक्त/सामुदायिक वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से सी.एस.आर./सी.ई.आर. निधियों के उपयोग से वृक्षारोपण की नीति में संशोधन का निर्णय लिया।

छात्रवृत्ति दिये जाने का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा अन्य राज्यों में संचालित सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सैनिक स्कूल एक विशिष्ट शिक्षा प्रधान प्रतिष्ठान हैं। राज्य के बाहर के सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति का प्रावधान किये जाने से प्रदेश के युवाओं में सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए उत्साह बढ़ेगा।

रेल परियोजनाओं से संबंधित कार्य नियम में संशोधन का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा रेल परियोजनाओं से संबंधित कार्य 'परिवहन विभाग' से लेकर 'लोक निर्माण विभाग' को सौंपे जाने के लिए मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। नई रेल लाइनों के प्रस्ताव और उनका निर्माण एवं निर्माण कार्यों के लिए रेल विभाग से समन्वय का कार्य अब लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।

नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2024

मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव अनुसार विधि एवं विधायी कार्य विभाग के परामर्श से मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 20 और 45 में संशोधन किये जाने के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2024 पर मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति दी गई।

मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवायें एवं बंदीगृह विधेयक का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवायें एवं बंदीगृह विधेयक, 2024 को विधानसभा में पुनर्स्थापित कर पारित कराने का निर्णय लिया है। साथ ही समस्त कार्यवाही किये जाने के लिए जेल विभाग को अधिकृत किया गया है।

भारतीय खेल प्राधिकरण को ग्राम गौरा में भूमि आवंटन का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण, भोपाल को खेल गतिविधियों के संचालन के लिए ग्राम गौरा तहसील हुजूर, भोपाल में लगभग एक एकड़ भूमि (पूर्व आवंटित भूमि के अतिरिक्त) आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गए अन्य निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश मंत्री (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम 1972 की धारा 9-क को निरसित किए जाने की कार्यवाही के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया गया है।

मंत्रिपरिषद द्वारा वीर शहीदों के परिवारजन को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में से अब 50 प्रतिशत राशि शहीद की पत्नी को और 50 प्रतिशत राशि शहीद के माता-पिता को दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

नर्सिंग संस्थाओं में अनियमितता पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

भोपाल, आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया है कि नर्सिंग संस्थाओं के 6 निरीक्षणकर्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि सत्र 2021-22 में कुल 10 नर्सिंग महाविद्यालयों को नियम विरुद्ध तरीके से सत्र 2021-22 के लिए मान्यता प्रदान की गई थी। जो बाद में विभिन्न कारणों से मापदण्डों के अनुरूप न होने से निरस्त कर दी। उक्त 10 नर्सिंग संस्थाओं में से 8 संस्थाओं को निरीक्षणकर्ताओं की प्रतिकूल निरीक्षण रिपोर्ट के बावजूद तात्कालिक रजिस्ट्रार द्वारा मान्यता नियम 2018 के विपरीत मान्यता प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा धारा 370 हटाना डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि

भोपाल, महानायक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने आजादी के पहले और आजादी के तुरंत बाद देश के सामने आने वाली चुनौतियां के संबंध में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया। बंग-भंग योजना की विभीषिका का आकलन और जम्मू कश्मीर की चुनौती को समय रहते भांप लेना डॉ. मुखर्जी जैसे महापुरुष के लिए ही संभव था। वे 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने, तत्पश्चात मंत्री पद ग्रहण करना उनकी मेधा का परिचायक है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि तथा माल्यार्पण करने के बाद अपने संबोधन में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर की ओर पूरे देश का ध्यान आकर्षित कराने के उद्देश्य से मंत्री पद से इस्तीफा दिया, उन्होंने कोलकाता में उद्घोष किया कि जम्मू कश्मीर के लिए मुझ से जो बन पड़ेगा वह करूंगा और उन्होंने जो कहा वह करके दिखाया। उनके जीवन के वीर पक्षों को सामने लाना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाना सच्चे अर्थों में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि है हम सब प्रधानमंत्री श्री मोदी के आभारी हैं।

नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर को बनाया जाए 'वाइब्रेंट स्टूडेंट सेंट्रिक सेंटर' - श्री परमार

भोपाल, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में इंडस्ट्री-एकेडमिक मीट का आयोजन कर उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण करने के साथ अन्य आवश्यक ठोस क्रियान्वयन किए जाएं। विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक प्रयासों एवं नवाचारों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित की जाए। श्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद भी किया।

श्रेष्ठ कंपनियों को इनक्यूबेशन सेंटर से जोड़ें

तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन को स्टार्टअप के लिए इकोसिस्टम बनाने और विद्यार्थियों के नए नवाचारों को उद्योग जगत तक पहुंचाने के लिए श्रेष्ठ कंपनियों को इनक्यूबेशन सेंटर से जोड़ने की दिशा में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर को विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे प्रदेश के अधिकतम विद्यार्थियों के उपयोगी बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर 'वाइब्रेंट स्टूडेंट सेंट्रिक सेंटर' के रूप में स्थापित किया जाए। विद्यार्थियों को डिजी लॉकर की सुविधा प्रदान करने और उन्हें ई-डॉक्यूमेंट्स उपलब्ध कराने को भी कहा। श्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में बरगद के पौधे का रोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए परिसर में विद्यावन एवं नवग्रह वाटिका लगाए जाने को भी कहा। विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलगुरु डॉ. रूपम गुप्ता, कुलसचिव डॉ. मोहन सेन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, छतरपुर एवं पिपरिया में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम

40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

www.mpmadhyam.in

madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

पेमा खांडू

तीसरी बार बने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू ने लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ चौना मीन ने उप मुख्यमंत्री और 10 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री खांडू हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में सीमावर्ती जिले तवांग में मुक्तो सीट से निर्विरोध चुनाव जीते हैं। पेमा खांडू वर्ष 2016 में 37 वर्ष की आयु में पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, इसके बाद वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव जीतकर वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।

डायलन फिलिप्स ने

सबसे तेज चलने वाला व्हीलबरो बनाया

ब्रिटेन के पेम्ब्रोकशायर में एक कार मैकेनिक डायलन फिलिप्स ने दुनिया का सबसे तेज चलने वाला व्हीलबरो बनाया है। यह व्हीलबरो मोटर से चलता है। इसकी अधिकतम गति 84 किलोमीटर प्रतिघंटा है। इस व्हीलबरो को बनाने के लिए फिलिप्स का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। फिलिप्स ने बताया कि सुपरफास्ट मोटराइज्ड व्हीलबरो बनाने का विचार उन्हें पब में आया था, इसके बाद उन्होंने इसका निर्माण शुरू किया।

वर्जीनिया हिसलोप

105 वर्ष की उम्र में हासिल की मास्टर डिग्री

अमेरिका की वयोवृद्ध महिला वर्जीनिया हिसलोप ने 105 वर्ष की आयु में मास्टर डिग्री हासिल कर इतिहास रच दिया है। वर्जीनिया ने वर्ष 1940 में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन से स्नातक की डिग्री लेने के बाद मास्टर डिग्री के लिए दाखिला लिया था, लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध शुरू होने पर उनके पति को सेना में बुला लिया गया था। जिसके कारण उनकी मास्टर डिग्री पूरी नहीं हो सकी। इसके 83 वर्ष बाद उन्होंने दोबारा पढ़ाई शुरू की और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री हासिल की।

जेनिक सिनर

एटीपी रैंकिंग में पहली बार बने नंबर वन खिलाड़ी

इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने टेनिस में नया मुकाम हासिल किया है। सिनर विश्व के महान टेनिस खिलाड़ियों में शुमार नोवाक जोकोविच को पछाड़कर विश्व के नंबर वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। यह कारनामा करने वाले सिनर पहले इटैलियन खिलाड़ी बन गए हैं। एटीपी द्वारा जारी नवीन रैंकिंग में सिनर ने 1973 रेटिंग अंकों के साथ रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया। सिनर इससे पूर्व दूसरे स्थान पर थे, लेकिन फ्रेंच ओपन में जोकोविच चोट के कारण बीच टूर्नामेंट से हट गए। इससे सिनर को फायदा हुआ और वे पहले पायदान पर आ गए।

गुरप्रीत सिंह संधु

भारतीय फुटबॉल टीम के नए कप्तान बने

भारतीय फुटबॉल टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू अब गोलकीपिंग के साथ भारतीय फुटबॉल टीम की कमान भी संभालेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री के संन्यास के बाद गुरप्रीत को भारतीय टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। गुरप्रीत ने कतर के खिलाफ खेले गए फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारतीय टीम की कमान संभाली। 32 वर्षीय गुरप्रीत टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, उन्होंने भारत के लिए 72 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। गुरप्रीत पहले भी सुनील छेत्री की अनुपस्थिति में भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने

रिस्क मैनेजर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) को लंदन के प्रतिष्ठित प्रकाशन सेंट्रल बैंकिंग ने वर्ष 2024 के लिए रिस्क मैनेजर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा है। आरबीआई की तरफ से यह पुरस्कार कार्यकारी निदेशक मनोरंजन मिश्रा ने ग्रहण किया। आरबीआई को यह पुरस्कार जोखिम संस्कृति और जागरूकता को बढ़ाने में किए गए प्रयासों के लिए दिया गया है। आरबीआई ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी देते हुए कहा कि आरबीआई को अपनी जोखिम संस्कृति में सुधार के लिए सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधन का पुरस्कार मिला है। इससे भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिरता की सुरक्षा में भारतीय रिज़र्व बैंक की महत्तवपूर्ण भूमिका की पुष्टि होती है।

विराट कोहली

भारत के सबसे मूल्यवान सेलिब्रिटी ब्रांड बने

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली देश के सबसे मूल्यवान सेलिब्रिटी ब्रांड बन गए हैं। सलाहकार कंपनी क्रॉल द्वारा जारी की गई सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2023 में बताया गया कि विराट कोहली ब्रांड वैल्यू के मामले में भारत के सबसे महंगे सेलिब्रिटी ब्रांड बन गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार कोहली की ब्रांड वैल्यू 22.79 करोड़ डॉलर (लगभग 1899 करोड़ रुपये) है। वर्ष 2022 के मुकाबले वर्ष 2023 में कोहली की ब्रांड वैल्यू 29 प्रतिशत बढ़ गई है। सेलिब्रिटी ब्रांड सूची में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह दूसरे और शाहरुख खान तीसरे स्थान पर काबिज हैं।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

भारत को लौटाएगी 500 साल पुरानी मूर्ति

ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने 500 साल पुरानी एक मूर्ति भारत को लौटाने पर सहमति जताई है। यह मूर्ति संत तिरुमकाई अलवर की है, जिसे तमिलनाडु के एक मंदिर से चुराया गया था। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एशमोलियन संग्रहालय ने एक बयान जारी कर कहा कि 11 मार्च 2024 को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी काउंसिल ने संग्रहालय से संत तिरुमकाई अलवर की 16वीं शताब्दी की कांस्य मूर्ति की वापसी के लिए भारतीय उच्चायोग के दावे का समर्थन किया है। यह फैसला अब अप्रूवल के लिए चैरिटी आयोग को प्रस्तुत किया जाएगा, इसके बाद इसे भारत को सौंपा जाएगा।

सुनीता विलियम्स

अंतरिक्ष यान उड़ाने वाली पहली महिला बनीं

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। सुनीता अंतरिक्ष में परीक्षण मिशन पर एक अंतरिक्ष यान को उड़ाने वाली पहली महिला बन गई हैं। 58 वर्षीय सुनीता ने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से नासा के अंतरिक्ष यात्री बैरी विल्मोर के साथ बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल पर उड़ान भरी। सुनीता ने इससे पहले वर्ष 2006 और 2012 में भी अंतरिक्ष की यात्रा की है। नासा ने कहा कि बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट नामक यह मिशन कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के रूप में लॉन्च किया गया है। यदि यह मिशन सफल रहा तो स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन के बाद स्टारलाइनर अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन ले जाने वाला दूसरा अंतरिक्ष यान बन जाएगा।

इज़राइल के

प्रधानमंत्री ने वॉर केबिनेट को किया भंग

इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 9 महीने और 6 दिन बाद वॉर केबिनेट को भंग कर दिया है। अक्टूबर में हमास हमले के बाद नेतन्याहू ने वॉर केबिनेट का गठन किया था। इस केबिनेट में 6 सदस्य थे। यह केबिनेट हमास से गाजा युद्ध के दौरान इज़राइल की सुरक्षा से जुड़े अहम फैसले लेने के लिए जिम्मेदार थी। विगत दिनों वॉर केबिनेट से बेनी गेंट्ज़ ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही नेतन्याहू पर दबाव बढ़ गया था। नेतन्याहू ने वॉर केबिनेट भंग करते हुए कहा कि हमने कई ऐसे फैसले लिए थे, जिनसे सेना सहमत नहीं थी इसलिए वॉर केबिनेट को अब भंग किया जा रहा है।

साहिल चौहान

ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बनाया सबसे तेज शतक

एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। साहिल ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। एस्टोनिया और साइप्रस के बीच खेले गए ट्वेंटी-20 मैच में साहिल ने 27 गेंदों में शतक पूरा किया। साहिल ने मैच में 41 गेंदों में 144 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी पारी के दौरान साहिल ने 6 चौके और 18 छक्के लगाए। साहिल से पहले ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड नामीबिया के निकोल लॉफ्टी इटॉन (33 गेंद) के नाम था।

लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि

भारतीय थल सेना के उप प्रमुख बने

लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि भारतीय थल सेना के उप प्रमुख बनाये गए हैं। केंद्र सरकार ने सेना उप प्रमुख पद पर लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि की नियुक्त को मंजूरी प्रदान कर दी है। वर्ष 1985 में सेना की गढ़वाल राइफल्स में कमीशन हुए लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि इससे पहले सेना की मध्य कमान का नेतृत्व कर रहे थे। उनका 37 वर्ष से अधिक लंबा प्रतिष्ठित और शानदार सैन्य कॅरियर है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि से पहले जनरल उपेन्द्र द्विवेदी उप सेना प्रमुख थे, जनरल द्विवेदी अब सेना प्रमुख बन गए हैं।

जस्टिन सैमंस

जिम्बाब्वे टीम के मुख्य कोच बने

जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जस्टिन सैमंस को जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। सैमंस डेव हॉटन की जगह लेंगे, हॉटन ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में जिम्बाब्वे के क्वालिफाइ नहीं करने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल भारत के खिलाफ आयोजित होने वाली पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज से शुरू होगा। सैमंस इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। बोर्ड ने पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है।

स्मृति शेष

पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन का निधन

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का निधन हो गया है। 52 वर्षीय डेविड की मृत्यु उनके अपार्टमेंट के चौथी मंजिल पर स्थित घर की बालकनी से गिरने के कारण हुई है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि वह कर्नाटक की उस मजबूत गेंदबाजी इकाई का हिस्सा थे, जिसमें अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, डोडा गणेश और वेंकटेश प्रसाद जैसे दिग्गज शामिल थे। डेविड जॉनसन दो टेस्ट मैचों में भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने 39 प्रथम श्रेणी और 33 लिस्ट ए मैच खेले हैं।

मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस चिलिमा का निधन

अफ्रीकी देश मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस क्लॉस चिलिमा की एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। मलावी के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने बताया कि 24 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद विमान का मलबा मिल गया है। इस विमान में उपराष्ट्रपति चिलिमा सहित 9 लोग सवार थे। यह विमान उड़ान भरने के कुछ देर बाद रडार से गायब हो गया। इसके बाद एविएशन अथॉरिटी ने विमान से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस विमान को खोजने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे और इज़राइल की सरकार ने भी मदद की थी।

पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टीके चथुन्नी का निधन

भारत के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और कोच टी.के. चथुन्नी का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। संतोष ट्रॉफी में डिफेंडर के तौर पर केरल और गोवा के लिए खेल चुके चथुन्नी बेहतरीन कोचों में से एक थे। उन्होंने 40 वर्ष के कोचिंग कॅरियर के दौरान मोहन बागान, डेम्पो गोवा और एफसी कोचिन सहित कई प्रतिष्ठित टीमों को कोचिंग दी है। उन्होंने फुटबॉल माय सोल नामक एक किताब भी लिखी है, जिसमें उन्होंने फुटबॉल से उनके जीवन और कॅरियर पर होने वाले प्रभाव के विषय में लिखा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा - 2022

चयन - सूची (मुख्य भाग 87 प्रतिशत)

पदनाम - सहायक यंत्री (सिविल)

क्रमांक 4013/52/2023/चयन **इन्दौर, दिनांक : 21.06.2024**

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 13/2022 दिनांक 30.12.2022 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में अद्यतन पदों के विवरण हेतु जारी शुद्धिपत्र क्रमांक 02/13/2022 दिनांक 21.11.2023 के बिन्दु क्रमांक 02 में वर्णित तालिका अनुसार म.प्र. शासन के विभिन्न 02 विभागों के पदनाम **सहायक यंत्री (सिविल)** के कुल 20 पद विज्ञापित किए गए है। उक्त पदों की पूर्ति के लिए आयोग द्वारा, **राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2022 दिनांक 08.10.2023** को आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 25.11.2023 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिनांक 06.06.2024 एवं 07.06.2024 को आयोजित किए गए हैं।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शासन के संबंधित विभिन्न विभागों से प्राप्त रिक्ति विवरण अनुसार आयोग द्वारा जारी शुद्धिपत्र क्रमांक 02/13/2022 दिनांक 21.11.2023 के बिन्दु क्रमांक 03 एवं 04 में वर्णित तालिका अनुसार उपरोक्त विज्ञापन कमांक 13/2022 दिनांक 30.12.2022 के अंतर्गत विज्ञापित कुल पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 21.11.2023 में उल्लेखित टीप के परिप्रेक्ष्य में प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।

3. राज्य शासन के उक्त पत्र दिनांक 29.09.2022 के संदर्भ में आयोग द्वारा घोषित उक्त लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 25.11.2023 के पैरा 04 के बिन्दु क्रमांक 02 में उल्लेखित बिन्दु के परिपालन में साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए अभिवचन पत्र के अनुसार मुख्य भाग - 87 प्रतिशत एवं प्रावधिक भाग - 13 प्रतिशत में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे।

4. अतएव, लिखित परीक्षा + साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम में से आवेदकों से प्राप्त अग्रमान्यता के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की विभागवार चयन सूची घोषित की जाती है :-

1. सहायक यंत्री (सिविल) (लोक निर्माण विभाग)

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	9	2	0	3	2	16
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	3	1	0	1	1	
कुल पदों में से दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद						1

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	108512	HARSH BANSAL	M	UNR	UNR
2.	106277	MADHVENDRA CHOUHAN	M	UNR	OBC
3.	107592	NAVEEN SHARMA	M	UNR	UNR
4.	112338	RISHABH SINGHAL	M	UNR	UNR
5.	105297	ABHINEET SHRIVASTAVA	M	UNR	UNR
6.	108040	ANSHUL SHRIVASTAVA	M	UNR	UNR
7.	106572	SHIVAKANT TRIPATHI	M	EWS	EWS
8.	106817	PRADEEP DHAKAD	M	OBC	OBC
9.	103262	SHWETA PACHORI	F	UNRF	UNR
10.	105283	RAMSWAROOP	M	प्रावधिक SC	SC
11.	110640	SHUBH SHRI SHARMA	F	UNRF	UNR
12.	110974	SUNANDANI CHOURASIA	F	OBCF	OBC
13.	109083	SHREYA TRIPATHI	F	EWSF	EWS
14.	106995	RAVINA PATEL	F	UNRF	UNR
15.	101834	ANJALI PRAJAPATI	F	SCF	SC
16.	103129	SUNIL SOLANKI	M	OBCHB	दृष्टिबाधित OBC

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	108327	AKSHAT JAIN	M	UNR
2.	108522	SHUBHAM PANDEY	M	UNR
3.	112258	DHARMENDRA PODDAR	M	EWS
4.	102542	RAMRATAN CHOUDHARY	M	OBC
5.	111936	YUVRAJ GURJAR	M	OBC
6.	104738	VINEET HARIYALE	M	SC
7.	108496	KARUNA MUDGAL	F	UNR
8.	107843	NEETU KATRE	F	OBC
9.	101618	KU CHETNA	F	OBC
10.	108946	EKTA VERMA	F	EWS
11.	107621	MADHU KANORIYA	F	SC
12.	108430	HIRDYA MOHAN YADAV	M	दृष्टिबाधित OBC

2. सहायक यंत्री (सिविल) (जनजातीय कार्य विभाग)

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	1	0	0	1	0	2

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	108327	AKSHAT JAIN	M	UNR	UNR
2 .	111936	YUVRAJ GURJAR	M	OBC	OBC

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	107620	TUSHAR BANSAL	M	UNR
2.	102175	KETAN PATIDAR	M	OBC

ATAL BIHARI VAJPAYEE INSTITUTE OF GOOD GOVERNANCE & POLICY ANALYSIS

(A Regd. Body of Govt. of M.P. Under Public Service Management Department)
Office : Sushasan Bhawan, Bhadbhada Square, T.T. Nagar, Bhopal (M.P.)-462003
Telephone : 0755-2770765, 2770761, 2770538, 2777216, 2777308
Website : https://aiggpa.mp.gov.in, E-mail : aiggpa@mp.gov.in

AIGGPA-Advt. No. 2/HR/E-34303 ADVERTISEMENT for WALK-IN PROCESS (II CALL) **Bhopal, Date : 28.06.2024**

RECRUITMENT OF PwBD CATEGORY CANDIDATES (ON CONTRACTUAL BASIS)

दिव्यांगजन हेतु विशेष भर्ती अभियान के तहत पूर्व में Online माध्यम से आमंत्रित आवेदन के तारतम्य में शेष रिक्त पदों की पूर्ति (संविदा आधार पर) हेतु **वॉक-इन प्रक्रिया के माध्यम** से की जाना है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	संविदा पदनाम	विकलांगता की श्रेणी	पद संख्या
1.	उप प्रबंधक (आई.टी.)	लोकोमोटर डिसेबिलिटी (सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी)	1
2.	कनिष्ठ कार्यकारी सहायक	बहरे और कम सुनने वाले	1
		ऑटिस्म, बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक सर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एवं विकलांगता	1
		कुल	**3**

नियुक्ति की शर्तें संस्थान की वेबसाइट **https://aiggpa.mp.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यार्थी वेबसाइट से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर भरे हुए आवेदन पत्र सहित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के 02 सेट, रु. 100 के स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड शपथ पत्र तथा मूल प्रतियों के साथ संस्थान में निम्नलिखित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित हों। *केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी PwBD डिजिटल प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र हैं। अभ्यार्थी आगामी निर्देशों/जानकारियों के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें –

Walk-in तिथि : 05.07.2024, समय : (प्रातः) 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

स्थान : एआईजीजीपीए कक्ष क्र. 103 (भूतल)

म.प्र. माध्यम/115145/2024 R-49772/2024 **मुख्य प्रबंधक (प्रशासन)**

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

कार्यालय महाप्रबंधक, परि. क्रिया. इकाई क्र. 1, रीवा
E-Mail : gmpiurew@yahoo.co.in
(RRNMU भवन, वार्ड क्र. 04, चन्द्रलोक होटल के पीछे, चोरहटा, रीवा)

क्रमांक 847/ग्रा.स./स्था/2024 **रीवा, दिनांक : 27.06.2024**

विज्ञप्ति

महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परि. क्रिया. इकाई क्र. 01 रीवा में सहायक ग्रेड-02 का एक पद रिक्त है। पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति एवं संविदा पर म.प्र. शासन के कार्य विभागों/निगमों/मण्डलों में कार्यरत कर्मचारियों अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारियों से की जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	पदनाम	नियुक्ति का प्रकार	प्रतिनियुक्ति के लिए अर्हता/ वेतन विवरण	संविदा नियुक्ति के लिए अर्हता/वेतन विवरण/आयु सीमा आदि
1.	सहायक ग्रेड 02	प्रतिनियुक्ति/ संविदा	म.प्र. शासन के कार्य विभागों/ निगमों/मण्डलों में कार्यरत ऐसे सहायक ग्रेड-02 जिन्हें इस पद पर विज्ञापन जारी दिनांक को 05 वर्ष का अनुभव हो। **आयु-** अधिकतम 58 वर्ष।	म.प्र. शासन के कार्य विभागों/निगमों/मण्डलों से सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड-02 **वेतन-** संविदा हेतु सेवानिवृत्ति के पूर्व देय कुल वेतन से पेंशन एवं राहत राशि घटाकर, शेष राशि। **आयु-** अधिकतम 63 वर्ष।

इच्छुक अभ्यार्थी प्रतिनियुक्ति हेतु उचित माध्यम से (विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित) आवेदन पत्र प्रस्तुत करें एवं संविदा पदस्थापना हेतु सीधे आवेदन प्रस्तुत किए जाएं। आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 15.07.2024** है।

म.प्र. माध्यम/115137/2024 R-49771/2024 **महाप्रबंधक**

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 1070/2024-205/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 21.06.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.07.2024 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2024_WRD_349134	**टर्न की पद्धति पर** :– मोहनपुरा परियोजना अंतर्गत छायन-बलबहादुरपुरा प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	राजगढ़	3872.38
2.	2024_WRD_349135	**टर्न की पद्धति पर** :– मोहनपुरा परियोजना अंतर्गत बायीं तट विस्तार II प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	राजगढ़	3872.49

जी-12545/49767/2024 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए है जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया जाना प्रावधानित है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
3. घोषित चयन परिणाम माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक एस.एल.पी. 12398/2023, मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019, याचिका कमांक 25181/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। इसी प्रकार ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों के चयन की अभ्यर्थिता विज्ञापन के परिशिष्ट-एक में वर्णित कंडिका तीन में उल्लेखित याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगी।
4. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जी-12571/49769/2024 **सचिव**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल
(भूतल 'ग' विंग) सतपुड़ा भवन मध्यप्रदेश

विज्ञप्ति

दूरभाष क्रमांक : 0755-25551594, ई-मेल : cephbpl@nic.in

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-8-4/2021/आ.प्र./एक दिनांक 03.07.2018 एवं समसंख्यक परिपत्र क्रमांक एफ-8-2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04 जनवरी 2024 द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (अराजपत्रित) सेवा (सेवा की शर्तें तथा भरती) नियम 2011 अद्यतन संशोधित के अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में निम्नानुसार पदों पर चयन हेतु नि:शक्तजनों के लिये आरक्षित निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है। पद की रिक्तियां/शैक्षणिक अर्हता, वेतनमान निम्नानुसार है।

क्र.	पदनाम	कुल रिक्त पद	दिव्यांगजन के लिये आरक्षित रिक्तियां				वेतनमान	शैक्षणिक अर्हताएं	वॉक-इन-इन्टरव्यू की दिनांक
			दृष्टि बाधित और कम दृष्टि वाले	बहरे और कम सुनने वाले	लोकोमोटर डिसेबिलिटी (जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी)	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता			
1.	रसायनज्ञ	1	0	1	0	0	28700-91300 लेवल-7	बी.एस.सी. (रसायन शास्त्र के साथ एक विषय के रूप में) वाटर सीवेज तथा इण्डस्ट्रियल वेस्ट परीक्षण का अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को अधिमानता दी जायेगी।	15.07.24
2.	सफाई कामगार	2	0	1	0	1	15500-49000 लेवल-1	आठवीं उत्तीर्ण	15.07.24
3.	हैण्डपंप तकनीशियन	10	0	10	0	0	22100-70000 लेवल-5	(10+2) पद्धति से हायर सेकेण्डरी 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से फिटर/ मैकेनिक/मशीनिष्ट/ टूल एण्ड डाय मेकर/ टर्नर ट्रेड में 2 वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र	15.07.24
4.	भृत्य	6	2	1	2	1	15500-49000 लेवल-1	आठवीं उत्तीर्ण	15.07.24

उपरोक्त निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले नि:शक्त अभ्यर्थियों को वॉक-इन-इन्टरव्यू हेतु रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालयीन समय में मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल (सिविल) कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 05.07.2024 तक** है। इस तिथि उपरांत आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं प्राप्त आवेदनों में से नियमानुसार उचित पाये गये अभ्यर्थियों को वॉक-इन-इन्टरव्यू हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा।

नियुक्ति हेतु आवश्यक शर्तें विभाग की वेबसाइट **www.mpphed.gov.in** पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियंता

जी-12373/49750/2024 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल परिक्षेत्र, भोपाल म.प्र.

कार्यालय कलेक्टर
(सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण)
जिला देवास (म.प्र.)

क्रमांक/2028/डीडीआरसी/2023-24/ देवास, दिनांक : 18.06.2024

संक्षिप्त विज्ञप्ति

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र देवास के लिये कुल 02 पदों पर एक वर्ष की संविदा अवधि पर निर्धारित मानदेय पर कार्य करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पदनाम, संख्या, न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव आदि संबंधित जानकारी जिले की वेबसाइट **www.dewas.nic.in** अथवा कार्यालयीन समय में कार्यालय कलेक्टर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग देवास से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन **अंतिम तिथि 09.07.2024 तक** कार्यालयीन समय सायं 06.00 बजे तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) जमा करना होगा। समयावधि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आवेदन मान्य नहीं होगा।

कलेक्टर

जी-12512/49756/2024 जिला देवास म.प्र.

मध्यप्रदेश शासन
संसदीय कार्य विभाग
(द्वितीय तल, मंत्रालय, वल्लभ भवन-1)

शुद्धिपत्र

विशेष अभियान के तहत नि:शक्तजन की भर्ती हेतु विज्ञापन

इस विभाग द्वारा नि:शक्तजन सहायक ग्रेड-3 (अस्थिबाधित) के एक पद की भर्ती हेतु **विज्ञापन क्रमांक G12141/24, दिनांक 21.06.2024** जारी किया गया था जिसमें विभाग की वेबसाइट की जगह पर ई-मेल आईडी **dirpad@mp.nic.in** अंकित की गई है। कृपया उसके स्थान पर विभाग की वेबसाइट **https://parliamentaryaffairs.mp.gov.in** पढ़ा जाए।

अवर सचिव

जी-12355/49749/2024 संसदीय कार्य विभाग, दूरभाष - 2441039, 2441102

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, झाबुआ

Ph. No. (07392) 244306, Email - eephedjha@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03/प्रोक्योरमेंट सेल/24-25 झाबुआ, दिनांक : 24.06.2024

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर झाबुआ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नवीन/रेट्रोफिटिंग कार्यों हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

ई-टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड/ ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	ठेके की अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
2024_PHED_352734	झाबुआ जिले के विकासखण्ड पेटलावद के ग्राम झकनावदा की जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना का शेष कार्य (चतुर्थ आमंत्रण)	1	80.01	80010	10000	3 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **06.07.2024 17.30 बजे तक**

ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 06.07.2024 17.30 बजे तक

ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि - 08.07.2024 11.00 बजे तक

शर्तें :– 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी।

2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

सदस्य सचिव (DWSM) एवं कार्यपालन यंत्री

जी-12546/49768/2024 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

भारतीय ज्ञान परंपरा में योग दर्शन का महत्व

मनुष्य के जीवन और मानव समाज में सतत विकास के लिए योग का अनुशासन परम आवश्यक है। सामान्य अर्थों में योग से आशय जुड़ने या जोड़ने से लिया जाता है। इस जीव जगत में मनुष्य एक मात्र ऐसा प्राणी है जिसे इस बात का ज्ञान हो सकता है कि इस वसुधा के समस्त प्राणी आपस में जुड़े हुए हैं। इसलिए भारतीय ज्ञान परंपरा में 'वसुधैव कुटुंबकम्' अर्थात 'वसुधा एक परिवार है' की अवधारणा प्राचीन समय से चली आ रही है। जैव विविधता के अस्तित्व संकट से जूझ रहे विश्व को यह अवधारणा इस संकट से मुक्ति दिला सकती है। जीवन एक प्रकार का पारस्परिक योग है, जिसे योग के अनुशासन में परस्पर तंत्र के रूप में देखा और अनुभव किया जा सकता है। इस अनुभूति के परिणामस्वरूप मानव मस्तिष्क ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 11 दिसंबर, 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को सहमति दी गई। भारत के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अंदर बहुमत से पारित किया गया, जो संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी प्रस्तावित दिवस के लिए पारित होने का सबसे कम समय है।

उत्तरी गोलार्ध में 21 जून वर्ष का सबसे बड़ा दिन है और योग भी मनुष्य को आत्म स्वरूप का सही ज्ञान प्रदान करने के साथ ही दीर्घायु बनाता है। 21 जून, 2015 को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

वर्तमान समय में योग विश्वव्यापी है। इस शब्द का नाम आते ही चित्त में योग के अर्थ से संबंधित अनेक प्रकार की स्मृतियां उत्पन्न होती हैं, यथा - राजयोग, हठयोग, क्रियायोग, मंत्रयोग, लययोग, ध्यानयोग, प्रेमयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, तपयोग इत्यादि। ऐसी स्थिति में वास्तव में योग क्या है? मनुष्य के मन में इस जिज्ञासा का उत्पन्न होना स्वाभाविक है। 'योग' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत के 'युज' धातु से मानी गई है। संस्कृत में 'युज' धातु का प्रयोग रुधादिगण में संयोग के लिए 'युजिर योगे', दिवादिगण में समाधि के लिए, 'युज समाधौ' और चुरादिगण में संयम के लिए 'युज संयमने ' के लिए प्रयुक्त हुआ है। योग सांख्य दर्शन का ही क्रियात्मक रूप है। ईश्वर सहित सांख्य को योगदर्शन तथा ईश्वर से रहित योग को सांख्य दर्शन कहा जा सकता है। इस प्रकार सांख्य दर्शन की मान्यता के अनुसार प्रकृति (जड़) और पुरुष (चेतन) नामक दो अनादि तत्वों के योग से सृष्टि का सृजन हुआ है, जिसमें कुल मिलाकर 25 तत्व पाए जाते हैं। योगदर्शन में ईश्वर एक विशेष पुरुष है, जो क्लेश, कर्म, विपाक और आशय से अपरामृष्ट अर्थात सम्बन्धित नहीं है। इस प्रकार ईश्वर सहित, योगदर्शन की मान्यता के अनुसार इस सृष्टि में 26 तत्व पाए जाते हैं। सांख्यदर्शन के प्रणेता महर्षि कपिल और योगदर्शन के प्रणेता महर्षि पतंजलि हैं। महर्षि पतंजलीकृत योगदर्शन के अनुसार 'चित्त की वृत्तियों का निरोध योग है।' जब चित्त की वृत्तियां सर्वथा रुक जाती हैं, उस समय द्रष्टा की अपने रूप में स्थिति हो जाती है, इसके अतिरिक्त दूसरे समय में द्रष्टा का वृत्ति के सदृश स्वरूप होता है। अभ्यास और वैराग्य के द्वारा चित्त वृत्तियों का निरोध होता है, जिसके पश्चात योग के साधक को अपने द्रष्टा स्वरूप का साक्षात्कार होता है। शरीर और इंद्रियों के माध्यम से दृश्य संसार और पदार्थ का ज्ञान होता है। यह ज्ञान किसी न किसी प्रकार से चित्त की वृत्तियों का निर्माण करता है और जीव को अज्ञानतावश वृत्तियों के सादृश्य ही अपने रूप का भ्रम होने लगता है।

योगदर्शन का परिचय

योग का आधार ग्रंथ- योगदर्शन, कुल 195 सूत्रों में वर्णित है, जिसमें प्रथम- समाधिपाद के अंतर्गत 51 सूत्र, द्वितीय- साधनपाद में 55 सूत्र, तृतीय - विभूतिपाद में 55 सूत्र, और चतुर्थ- कैवल्यपाद में 34 सूत्र दिए गए हैं। योग का अनुशासन चित्तवृत्तियों के निरोध का अनुशासन है, जिसके परिणामस्वरूप इस दृश्य जगत के साक्षी द्रष्टा को अपने स्वरूप का साक्षात्कार हो सके। द्रष्टा की स्वरूप स्थिति के बिना पूर्व कर्म संस्कारों का फल जीव को वर्तमान और भविष्य दोनों में भोगना पड़ता है। इन कर्म संस्कारों का मूल पंचक्लेश हैं, जो निम्नलिखित हैं - अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश। प्राणी के चित्त में चार अवस्थाओं में ये क्लेश विद्यमान रहते हैं- प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार। पंचक्लेश प्रत्येक प्राणी को जिस प्रकार इस जन्म में दुख देते हैं, उसी प्रकार भविष्य में होने वाले अन्य जन्मों में भी ये दुख प्रदान करते हैं। जीव के जन्म, आयु और भोग का कारण कर्माशय का विपाक अर्थात फल है। जब तक मूल रूप में क्लेश विद्यमान हैं, तब तक कर्म के संस्कारों का परिणाम भी बनता रहेगा। जीव जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत कर्म से प्राप्त होने वाले फल के रूप में हर्ष और शोक रूपी फल को ही भोगता है। इसलिए योग विद्या के द्वारा साधक को इन क्लेशों की जड़ को सर्वथा नष्ट कर देना चाहिए। क्लेशों की स्थूल वृत्तियों को नष्ट करने के लिए योग के साधक को क्रियायोग, जिसमें तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान आते हैं तथा सूक्ष्म स्मृतियों को नष्ट करने के लिए ध्यान का अभ्यास करना चाहिए।

योग एवं सामान्य कर्म में अंतर

किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए किया जाने वाला पुरुषार्थ, त्रिगुणात्मक प्रकृति के सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण से ही होता है। मनुष्य का कर्म करना अथवा कर्म नहीं करना, उसकी ईच्छा के अधीन नहीं है, प्रकृति के गुणों के साथ पुरुष का जो अनादिसिद्ध अविद्याकृत संयोग है, उसके कारण उसे कर्ताभाव का अभिमान होता है। इस अभिमान के कारण मनुष्य से तीन प्रकार के कर्म होते हैं - पुण्यकर्म, पापकर्म और पुण्य-पाप मिश्रित कर्म। सामान्यत: पुरुषार्थ द्वारा फलासक्ति से प्रेरित होकर जीवन में इन्हीं तीन प्रकार के कर्मों का सम्पादन मनुष्य द्वारा होता है। त्रिगुणात्मक प्रकृति की सत्ता का परिणाम होने के कारण जीव को कर्म करना ही पड़ता है। इन त्रिगुणों में जब शरीर में सतोगुणी ऊर्जा अधिक होती है, तब शरीर और शरीर के पदार्थ में स्थायित्व होता है और मनुष्य सत्कर्म प्रधान होता है। जब रजोगुणी ऊर्जा अधिक होती है, तब शरीर में बंधन शक्ति अधिक प्रभावी हो जाती है और शरीर आसक्ति एवं विषयों की तरफ दौड़ता है।

- डॉ. शशिकांत मणि त्रिपाठी
(लेखक, योग दर्शन से जुड़े विषय पर लेखन करते हैं।)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 03/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2024-25 **भोपाल, दिनांक : 19.06.2024**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. छतरपुर जिले में बिजापुर जटाशंकर मार्ग के कि.मी. 9/2 में श्यामरी नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2024_PWDRB_351628_1	छतरपुर	पुल कार्य	प्रथम	3993.38	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. भोपाल जिले के सुभाषनगर में रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक 249-ए सुभाष फाटक पर नवनिर्मित रेलवे ओव्हर ब्रिज के मध्य तृतीय भुजा का निर्माण कार्य।

2024_PWDRB_351629_1	भोपाल	पुल कार्य	प्रथम	2445.54	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. रीवा जिले के चिल्ला से त्योंथर मार्ग में मीरबहरी घाट पर टमस नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2024_PWDRB_351630_1	रीवा	पुल कार्य	प्रथम	2243.10	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. नर्मदापुरम जिले में राजमार्ग 67 कन्हवार पुनोर मार्ग में इटारसी जबलपुर रेलखण्ड के लेवल क्रॉसिंग क्रमांक -239 रेलवे कि.मी. 823/5-7 पर रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य।

2024_PWDRB_351631_1	नर्मदापुरम	पुल कार्य	प्रथम	2098.00	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. बालाघाट जिले के अंतर्गत खरपड़िया से शिवनहेटी मार्ग में डोरिया नाला पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2024_PWDRB_351632_1	बालाघाट	पुल कार्य	प्रथम	868.33	केवल ऑनलाइन
	कुल योग			**11648.35**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 10.07.2024 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
जी-12253/49748/2024 **लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग ग्वालियर म.प्र.
(विकास परिसर थाटीपुर ग्वालियर)

[Phone - 0751-2232466, Email ID - eeresgwalior-mp@nic.in]

क्रमांक 1163/वाहन निविदा/ग्रा.यां.से./2024 **ग्वालियर, दिनांक : 24.06.2024**

वाहन किराये हेतु संक्षिप्त निविदा आमंत्रण

जिला ग्वालियर में जनपद पंचायत मुरार व घाटीगांव (बरई) तथा जनपद पंचायत डबरा व भितरवार के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्यों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु मनरेगा में कार्यरत सहायक यंत्रियों के लिये शासन द्वारा प्रत्येक वाहन मय चालक के निर्धारित अधिकतम रुपये 20000/- (बीस हजार रुपये) मासिक किराया अनुसार कुल दो वाहन संलग्न किये जाने की आवश्यकता है। इच्छुक वाहन मालिक प्रत्येक निविदा प्रपत्र के लिए राशि रु. 1000/- (रुपये एक हजार मात्र) जमा कर दिनांक 01.07.2024 से 08.07.2024 तक कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते है।

उक्त प्रस्ताव के साथ अमानत राशि के रूप में रु. 5000/- (रुपये पांच हजार मात्र) की FDR कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग ग्वालियर के पक्ष में एक वर्ष की अवधि की देय हो, दिनांक 09.07.2024 समय 3.00 बजे तक जमा कर सकते हैं तथा निविदा उसी **दिनांक 09.07.2024** को शाम 3.30 बजे निविदाकारों एवं अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शेष शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

निविदा की शर्तें यथावत रहेंगी।

क्र.	उपयोकर्ता अधिकारी का पदनाम	वाहन का प्रकार	रिमार्क
1.	सहायक यंत्री मनरेगा जनपद पंचायत मुरार एवं घाटीगांव (बरई)	बोलेरो	15-15 दिवस
2.	सहायक यंत्री मनरेगा जनपद पंचायत डबरा एवं भितरवार	बोलेरो	15-15 दिवस

कार्यपालन यंत्री
जी-12499/49754/2024 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग ग्वालियर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

एनआईटी नं. 09-2024/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/CE/Buliding/1377 **रीवा, दिनांक : 18.06.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा, जिला रीवा में 50 नग कॉमर्स कक्षों के निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2024_PWPIU_352802_1	रीवा	1828.78	1000000/-	30000/-	18 माह वर्षाकाल सहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. नवीन न्यायालय भवन रीवा में फर्नीचर की आंतरिक आपूर्ति का कार्य (प्रथम आमंत्रण)					
2024_PWPIU_352991_1	रीवा	184.28	184280/-	12500/-	01 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.06.2024 समय 10.00 AM से **दिनांक 05.07.2024** समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
जी-12480/49753/2024 **लोक निर्माण विभाग, रीवा (म.प्र.)**

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल : apdpiuindore@gmail.com, फैक्स : 0731-4989768

क्र.एफ-3/सामान्य/नि.प्र. अनुमोदन/मु.अ.(भवन)/2024/एनआईटी-02/1478 **इंदौर, दिनांक : 24.06.2024**

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2024

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र इंदौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, म.प्र. द्वारा दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2024_PWPIU_352263_1	श्री हुकुमचन्द्र यादव शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय नाहल्दा खण्डवा में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	खण्डवा	65.36	65,380	10,000	4
2.	2024_PWPIU_352172_1	मनावर जिला धार में आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास (उत्कृष्ट) भवन का निर्माण कार्य।	धार	313.22	3,13,220	15,000	14
3.	2024_PWPIU_349710_1	कोद जिला धार में 06 बिस्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शेष बैलेंस का निर्माण कार्य।	धार	216.11	2,16,110	15,000	12
4.	2024_PWPIU_352192_1	शासकीय नर्सिंग कॉलेज एवं 140 सीटेड छात्रावास भवन जिला नीमच का निर्माण कार्य।	मंदसौर	1117.00	5,58,500	30,000	18
5.	2024_PWPIU_349975_1	शासकीय नर्सिंग कॉलेज एवं 140 सीटेड छात्रावास भवन जिला मंदसौर का निर्माण कार्य।	मंदसौर	1117.00	5,58,500	30,000	18

निविदा संबंधित तिथियां (key-Date) –
1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 22.06.2024
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 24.06.2024
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **08.07.2024**
4. बिड खोलने की तिथि - 09.07.2024

मुख्य अभियंता (भवन)
जी-12442/49751/2024 **लो.नि.वि., परिक्षेत्र इंदौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03)
भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू. क्र. 01/एन.एच.एम./2024-25/365 **भोपाल, दिनांक : 20.06.2024**

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **(www.mptenders.gov.in)** (Department of Directorate of Health Services) तीन लिफाफा से प्रपत्र ''अ'' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:

ई-निविदा सूचना क्रमांक- 01/2024-25 दिनांक 06.2024

स. क्र.	टेण्डर नं. 2024_DHS	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	जमा धरोहर राशि रु.	टेण्डर दर राशि रु.	समय सीमा वर्षाकाल सहित
1.	2024_DHS_351428	जिला बैतूल विकासखण्ड बैतूल एवं चिचोली में 12 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। सूची अनुसार ग्रुप	660.96	660960	20000/-	18 माह
2.	2024_DHS_351429	जिला विदिशा विकासखण्ड लटेरी में 10 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। सूची अनुसार	550.80	550800	20000	18 माह
3.	2024_DHS_351430	जिला विदिशा विकासखण्ड नटेरन में 11 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। सूची अनुसार	605.88	605880	20000	18 माह
4.	2024_DHS_351432	जिला विदिशा विकासखण्ड सिरोज में 11 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। सूची अनुसार	605.88	605880	20000	18 माह
5.	2024_DHS_351433	जिला नर्मदापुरम विकासखण्ड बाबई, सिवनी मालवा, केसला में 08 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। सूची अनुसार	440.64	440640	15000	18 माह

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 24.06.2024 प्रातः 10.30 से दिनांक 08.07.2024 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-12509/49755/2024 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल**

जॉब अलर्ट



भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान

पद का नाम - कनिष्ठ शोध अध्येता, शोध वैज्ञानिक
पदों की संख्या - 18
योग्यता - पदानुसार
सीधा साक्षात्कार - 8 जुलाई 2024 से 10 जुलाई 2024 को, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, 4 कालिदास रोड, देहरादून में।
वेबसाइट - https://www.iirs.gov.in/

चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड

पद का नाम - जीएम (मेंटेनेंस), प्रबंधक (लंबवत एवं क्षैतिज परिवहन प्रणाली), एएम (जांच एवं कमीशनिंग)
पदों की संख्या - 17
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://chennaimetrorail.org/

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

पद का नाम - कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, प्रधानाचार्य, विशेष शिक्षक
पदों की संख्या - 10
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 12 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.aees.gov.in/htmldocs/Hindi/index.html

ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम - सहायक कंपनी सचिव, इनलैंड ड्रेजिंग कार्य के लिए परियोजना प्रबंधक, इनलैंड ड्रेजिंग कार्य के लिए हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षक, परियोजना सलाहकार (ऑपरेशन्स/परियोजना), सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार, विधि सलाहकार, रेजिडेंट प्रबंधक
पदों की संख्या - 18
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 12 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.dredge-india.com/

राजधानी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)

पद का नाम - सहायक प्रोफेसर (रसायन विज्ञान, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, गणित, भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स
पदों की संख्या - 62
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 06 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.rajdhani-college.ac.in/

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान हरियाणा

पद का नाम - वित्त एवं लेखा नियंत्रक, चिकित्सा अधिकारी
पदों की संख्या - 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 08 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.nidh.ac.in/

नेशनल हाउसिंग बैंक

पद का नाम - जनरल मैनेजर (प्रोजेक्ट फाइनेंस), असिस्टेंट जनरल मैनेजर (क्रेडिट), डिप्टी मैनेजर (क्रेडिट), असिस्टेंट मैनेजर, चीफ इकॉनोमिस्ट, एप्लीकेशन डवलपर, सीनियर प्रोजेक्ट फाइनेंस ऑफिसर, प्रोजेक्ट फाइनेंस ऑफिसर, प्रोटोकॉल ऑफिसर
पदों की संख्या - 48
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.nhb.org.in/

इंडियन नेवी

पद का नाम - सेलर (स्पोर्ट्स कोटे के तहत)
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - 12वीं पास, जूनियर, नेशनल, इंटरनेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभागी के रूप में सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो। पुरुषों की न्यूनतम लंबाई 157 सेमी और महिलाओं के लिए न्यूनतम लंबाई 152 सेमी तय की गई है। आयु न्यूनतम 17 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष।
अंतिम तिथि - 25 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.joinindiannavy.gov.in/

तमिलनाडु लोक सेवा आयोग

पद का नाम - असिस्टेंट इंस्पेक्टर, डिप्टी कॉमर्शियल टैक्स ऑफिसर, जूनियर इम्प्लॉयमेंट ऑफिसर, सब रजिस्ट्रार, स्पेशल असिस्टेंट, स्पेशल ब्रांच असिस्टेंट, असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, पर्सनल असिस्टेंट, सीनियर इंस्पेक्टर, ऑडिट इंस्पेक्टर, हैंडलूम इंस्पेक्टर, अकाउंटेंट, पर्सनल क्लर्क, एक्सटेंशन ऑफिसर आदि पद।
पदों की संख्या - 2327
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://tnpsc.gov.in/

बिहार लोक सेवा आयोग

पद का नाम - सहायक प्राध्यापक (एनाटोमी, निश्चेतना, बायोकेमिस्ट्री, दंत रोग, नेत्र रोग, माइक्रोबायोलॉजी, औषधि, हड्डी रोग, मनोरोग, स्त्री रोग एवं प्रसव, फिजियोलॉजी, पैथोलॉजी, शिशु रोग, रेडियोलॉजी आदि)
पदों की संख्या - 1339
योग्यता - पद के अनुसार एमडी/एमएस/डीएनबी, एमडी/एमएस की डिग्री करने के बाद किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा कॉलेज में संबंधित विषय में वरिष्ठ रेजिडेंट/ट्यूटर के रूप में तीन साल का अनुभव आदि।
अंतिम तिथि - 26 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://bpsc.bih.nic.in/

मुरगांव पत्तन प्राधिकरण

पद का नाम - वरिष्ठ लेखा अधिकारी
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 22 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://mptgoa.gov.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर

पद का नाम - पुस्तकालयाध्यक्ष, अधीक्षण अभियंता, उप पुस्तकालयाध्यक्ष, चिकित्सा अधिकारी, सिस्टम विश्लेषक, सहायक अभियंता (सिविल/विद्युत), कनिष्ठ लेखा अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता (सिविल/विद्युत), कनिष्ठ अधीक्षक, पुस्तकालय सूचना सहायक, सहायक स्टाफ नर्स, कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लेखा सहायक
पदों की संख्या - 45
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.iitgn.ac.in/

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस - 1 जुलाई

देश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उनके बिना वित्तीय पारदर्शिता और प्रबंधन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के महत्व को रेखांकित करने और इस पेशे को सम्मानित करने के लिए हर साल 1 जुलाई को भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) दिवस मनाया जाता है। यह दिन द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) के स्थापना दिवस के रूप में भी जाना जाता है।

सीए दिवस का इतिहास

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की स्थापना 1 जुलाई, 1949 को संसद के एक अधिनियम के तहत की गई थी। यह भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पेशे का नियामक और विकासशील संस्थान है। ICAI का उद्देश्य वित्तीय पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिकता को बढ़ावा देना है। स्थापना के समय से ही ICAI ने अपने उच्च मानकों और कठिन परीक्षाओं के माध्यम से एक प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट का महत्व

चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। वे वित्तीय रिकॉर्ड की सही और समय पर ऑडिटिंग, टैक्स प्लानिंग, और वित्तीय सलाह प्रदान करते हैं। सीए न केवल कंपनियों और व्यक्तिगत व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, बल्कि सरकार और अन्य सरकारी निकायों के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने, कर अदायगी को सुनिश्चित करने और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने में सहायता करते हैं।

सीए दिवस का महत्व

सीए दिवस का उद्देश्य उन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की उपलब्धियों और योगदानों का सम्मान करना है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। इस दिन, विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं, ताकि सीए समुदाय के सदस्यों को एक दूसरे के साथ विचार-विमर्श करने का अवसर मिल सके और वे अपनी पेशेवर योग्यता को और बेहतर बना सकें। इसके अलावा, यह दिन नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को प्रेरित करने और उन्हें उनकी मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित करने का भी दिन है।

सीए के क्षेत्र में कॅरियर

चार्टर्ड अकाउंटेंट एक सम्मानजनक और जिम्मेदार पेशा है। यह पेशा वित्तीय विशेषज्ञता, उच्च नैतिकता और व्यावसायिक कुशलताओं की मांग करता है। सीए बनने की प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसके साथ ही यह पेशा कई आकर्षक अवसर और लाभ प्रदान करता है। यदि आप वित्तीय प्रबंधन और लेखा के क्षेत्र में गहरी रुचि रखते हैं और एक प्रतिष्ठित और सम्माननीय कॅरियर की तलाश में हैं, तो सीए बनना आपके लिए सही विकल्प हो सकता है।

सीए बनने की प्रक्रिया

चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) एक प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण पेशा है। इसके लिए वित्तीय और लेखा क्षेत्र में गहरी विशेषज्ञता और उच्च नैतिक मानकों की जरूरत होती है। भारत में सीए बनने के लिए द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा निर्धारित एक विशिष्ट प्रक्रिया का पालन करना होता है। यह प्रक्रिया निम्न चरणों में विभाजित होती है -

भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की प्रक्रिया कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसमें कई चरण होते हैं, जिन्हें सफलतापूर्वक पार करना होता है -

- **सीए फाउंडेशन कोर्स :** यह पहला चरण है, जिसमें छात्रों को अकाउंटेंट, बिजनेस लॉ, अर्थशास्त्र और गणित की मूल बातें सिखाई जाती हैं।
- **सीए इंटरमीडिएट कोर्स :** यह दूसरा चरण है, जिसमें छात्रों को वित्तीय प्रबंधन, कराधान और अन्य विशेष विषयों का गहन अध्ययन करना होता है।
- **सीए फाइनल कोर्स :** यह अंतिम चरण है, जिसमें छात्रों को उच्च स्तरीय अकाउंटिंग, ऑडिटिंग और वित्तीय रिपोर्टिंग के विषयों का अध्ययन करना होता है।
- **आर्टिकलशिप ट्रेनिंग :** यह एक अनिवार्य प्रैक्टिकल ट्रेनिंग होती है, जिसमें छात्र किसी मान्यता प्राप्त सीए फर्म के साथ काम करते हैं और वास्तविक अनुभव प्राप्त करते हैं।
- **सदस्यता :** सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार करने के बाद उम्मीदवार ICAI का सदस्य बन सकता है और चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपाधि प्राप्त कर सकता है।

सीए के क्षेत्र में कॅरियर विकल्प

सीए बनने के बाद कई पेशेवर विकल्प उपलब्ध होते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख विकल्प इस प्रकार हैं -

- **अभ्यास (प्रैक्टिसिंग) सीए :** स्वतंत्र रूप से या सीए फर्म के साथ मिलकर ऑडिटिंग, टैक्सेशन, वित्तीय परामर्श और अन्य सेवाएं प्रदान करना। इसके लिए गहन लेखा ज्ञान, विश्लेषणात्मक सोच और क्लाइंट मैनेजमेंट में विशेषज्ञता होनी जरूरी है।
- **कंपनी में वित्तीय अधिकारी :** आप किसी कंपनी में मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO), वित्त प्रबंधक या अन्य उच्च वित्तीय पदों पर काम कर सकते हैं। इसके लिए बजटिंग, वित्तीय योजना, जोखिम प्रबंधन आदि का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- **अकाउंटिंग और फाइनेंस कंसल्टेंट:** आप कंपनियों और व्यक्तियों को वित्तीय प्रबंधन, निवेश और कराधान पर परामर्श देने का कार्य कर सकते हैं। इसके लिए उत्कृष्ट परामर्श कौशल, मार्केट ट्रेंड्स की समझ होनी चाहिए।
- **सरकारी सेवाएं :** विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों में वित्तीय और लेखा संबंधी पदों पर कार्य करने के कई अवसर मौजूद हैं। इसके लिए लेखा, राजस्व संग्रह और वित्तीय नियोजन जैसे कार्यों में दक्षता होनी चाहिए।
- **शिक्षा और प्रशिक्षण :** अकादमिक संस्थानों में लेखा और वित्तीय प्रबंधन के प्रोफेसर या लेक्चरर के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके लिए शिक्षण कौशल, विषय का गहन ज्ञान होना आवश्यक है।

सीए के लिए आवश्यक कौशल

सीए बनने के लिए केवल अकादमिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कुछ महत्वपूर्ण कौशल भी आवश्यक हैं जैसे -

- **विश्लेषणात्मक सोच :** वित्तीय डेटा का विश्लेषण करने और समस्याओं का समाधान निकालने की क्षमता।
- **गहन लेखा ज्ञान :** लेखा सिद्धांतों, ऑडिटिंग प्रक्रियाओं और वित्तीय प्रबंधन की विस्तृत समझ होनी चाहिए।
- **संचार कौशल :** प्रभावी रूप से ग्राहकों, सहयोगियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ संवाद करने की क्षमता।
- **नैतिकता और ईमानदारी :** उच्च नैतिक मानकों के साथ काम करना सीए पेशे की पहचान है।
- **समय प्रबंधन :** समय पर कार्यों को पूरा करने की क्षमता, विशेषकर वित्तीय रिपोर्टिंग और कर अदायगी के मामलों में।

सीए बनने के लाभ

सीए बनने के कई लाभ हैं, जो इस पेशे को और भी आकर्षक बनाते हैं जैसे :-

- **प्रतिष्ठा :** सीए का पेशा उच्च सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त कराता है।
- **वित्तीय स्थिरता :** सीए के रूप में नौकरी के अच्छे अवसर और उच्च वेतनमान की संभावना होती है।
- **व्यावसायिक अवसर :** सीए के लिए विभिन्न उद्योगों में कॅरियर विकल्प खुले रहते हैं।
- **स्वतंत्रता :** प्रैक्टिसिंग सीए के रूप में स्वतंत्र रूप से काम करने और अपने क्लाइंट्स के साथ अपने तरीके से काम करने की स्वतंत्रता।

सीए समुदाय की चुनौतियां

चार्टर्ड अकाउंटेंट पेशे में कई चुनौतियां भी हैं, जिनका सामना सीए समुदाय को करना पड़ता है जैसे -

- **प्रतिस्पर्धा :** सीए बनने की प्रक्रिया कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक है। इसे सफलतापूर्वक पार करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की आवश्यकता होती है।
- **नियम और विनियम :** वित्तीय क्षेत्र में लगातार बदलाव होते रहते हैं। सीए को इन परिवर्तनों के साथ अपडेट रहना होता है और नए नियमों और विनियमों को समझना होता है।
- **नैतिकता और ईमानदारी :** सीए का कार्य अत्यधिक जिम्मेदारी पूर्ण होता है। उन्हें उच्च नैतिकता और ईमानदारी के साथ काम करना होता है, ताकि वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

सीए कॅरियर का भविष्य

चुनौतियों के बावजूद चार्टर्ड अकाउंटेंट पेशे का भविष्य उज्ज्वल है। जैसे-जैसे दुनिया की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता की आवश्यकता भी बढ़ रही है। सीए समुदाय इस आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भविष्य में सीए के लिए नए अवसर और चुनौतियां आने वाली हैं, जिनमें डिजिटलीकरण, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय मानक आदि शामिल हैं।

- निशा त्यागी
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं और सम-सामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

बीसीसीआई ने जारी किया भारतीय टीम का कार्यक्रम

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय टीम का अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सत्र का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बीसीसीआई ने बताया कि भारतीय टीम इस सत्र के दौरान बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की मेजबानी करेगी। इस दौरान भारतीय टीम 5 टेस्ट, 3 वन-डे और 8 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम के घरेलू सत्र का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से होगा। यह सीरीज दो टेस्ट मैचों की होगी, इसके बाद भारत और बांग्लादेश तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेलेंगे। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम अक्टूबर-नवंबर में भारत दौरे पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। जनवरी 2025 में इंग्लैंड की टीम भारत का दौरा करेगी। दोनों टीमों के बीच पांच ट्वेंटी-20 और तीन मैचों की वन-डे सीरीज खेली जाएगी।

टी-20 विश्वकप 2024

इंग्लैंड को हराकर भारत ने बनाई फाइनल में जगह

गुयाना, गुयाना में आयोजित टी-20 विश्वकप 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस एकतरफा मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 68 रनों से पराजित किया। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, जो अंततः उनकी टीम के लिए गलत साबित हुआ। मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की तूफानी पारी ने भारतीय टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद की। रोहित शर्मा ने टीम के लिए 57 रन बनाए, जिसमें छह चौके और 2 छक्के शामिल थे। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने 47 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाए। इसके अलावा, हार्दिक पंड्या ने भी 23 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय टीम ने 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को मैच जीतने के लिए 172 रनों की जरूरत थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड की शुरुआत तो अच्छी रही, लेकिन जल्द ही भारतीय गेंदबाजों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली। इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर ने 23 रन बनाए, जबकि हैरी ब्रूक ने 25 और जोफ्रा आर्चर ने 21 रन बनाए। इंग्लैंड की पूरी टीम 16.4 ओवर में मात्र 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 3-3 विकेट लेकर इंग्लैंड की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। जसप्रीत बुमराह ने भी 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। इस मैच में अक्षर पटेल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब फाइनल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा, जो पहली बार टी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची है। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है, क्योंकि भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही टीमें पूरे टूर्नामेंट में अब तक अजेय हैं। भारत ने इससे पहले 2007 में टी-20 विश्वकप का खिताब जीता था। ऐसा पहली बार है, जब किसी टी-20 विश्वकप के फाइनल में दोनों अजेय टीमें आमने-सामने होंगी।

- मैच में अक्षर पटेल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
- फाइनल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।
- दक्षिण अफ्रीका पहली बार टी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची है।
- भारत 2007 में टी-20 विश्वकप का खिताब जीत चुका है।

सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक में बनाई जगह

नई दिल्ली, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए आधिकारिक रूप से क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने पुरुष एकल वर्ग की विश्व रैंकिंग में 71वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई है। नागल पेरिस ओलंपिक में टेनिस में पुरुष एकल वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। नागल दूसरी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेंगे, इससे पहले वह टोक्यो ओलंपिक में भी खेलने उतरे थे। लिएंडर पेस के बाद सुमित नागल दूसरे भारतीय एकल खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो बार ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है।

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती स्पेनिश ग्रां प्री रेस

बार्सिलोना, नीदरलैंड्स के अनुभवी कार रेसर और मौजूदा फॉर्मूला-वन विश्व चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेनिश ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस जीत ली है। वर्स्टापेन ने लगातार तीसरी बार यह रेस जीती है। इससे पहले वह वर्ष 2022 और 2023 में भी चैम्पियन बने थे। वर्स्टापेन ने 66 लैप की इस रेस को एक घंटा 28 मिनट 20.227 सेकेंड में पूरी की। रेस में लेंडो नॉरिस दूसरे, लुईस हैमिल्टन तीसरे, जॉर्ज रसेल चौथे और चार्ल्स लेकलर्क पांचवें स्थान पर रहे।

भारतीय घुड़सवार अनुष ने पेरिस ओलंपिक में बनाई जगह

नई दिल्ली, एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अनुष ओलंपिक में घुड़सवारी की ड्रेसेज स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार ड्रेसेज स्पर्धा में हिस्सा लेगा।

भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में घुड़सवारी में अनुष का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़कर ओलंपिक कोटा हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों के मौजूदा प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया है। अनुष ने एशियाई खेल-2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।

जेनिक सिनर ने जीता हाले ओपन

हाले, विश्व के नंबर वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने हाले ओपन का खिताब अपने नाम किया है। हाले ओपन में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में सिनर ने पोलैंड के हुर्बट हुरकाज को कड़े मुकाबले में 7-6 (10-8), 7-6 (7-2) से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहले सेट में स्कोर बराबर रहने के बाद टाईब्रेकर खेला गया। टाईब्रेकर में सिनर ने बेहद नजदीकी अंतर (10-8) से जीत दर्ज की। इसके बाद दूसरे सेट का फैसला भी टाईब्रेकर से हुआ, जिसमें सिनर 7-2 से विजेता बने।

नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर किया निलंबित

नई दिल्ली, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूनिया को दूसरी बार अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है। नाडा ने पिछली बार जब बजरंग को निलंबित किया था तो नाडा के अनुशासन पैनल ने उनका निलंबन इस आधार पर रद्द किया था कि नाडा ने उन्हें आरोपों के संदर्भ में नोटिस नहीं दिया था। अब नाडा ने निलंबन के साथ-साथ बजरंग को नोटिस भी जारी किया है।

माइकल जॉनसन शुरू करेंगे नई एथेलेटिक्स लीग

वॉशिंगटन, अमेरिका के पूर्व दिग्गज एथलीट माइकल जॉनसन ने एक नई एथेलेटिक्स लीग शुरू करने की योजना बनाई है। इस लीग को ग्रैंड स्लैम ट्रैक नाम दिया गया है। यह लीग अगले वर्ष अप्रैल में आयोजित की जाएगी, इसकी कुल इनामी राशि 12.6 मिलियन डॉलर (लगभग 105 करोड़ रुपये) है। इस लीग में दुनिया के शीर्ष धावक हिस्सा लेंगे। यह लीग नए फॉर्मेट में आयोजित होगी, जिसमें चार इवेंट होंगे। हर वर्ष चार इवेंट खेले जाएंगे।

भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को किया क्लीन स्वीप

बेंगलुरु, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम को ट्वेंटी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप कर दिया है। भारतीय टीम ने तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 3-0 से अपने नाम की। सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराया।

मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम को कप्तान लॉरा वाल्वार्ट (61) और तजमिन ब्रिट (38) ने मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी की। अरूंधति रेड्डी ने वाल्वार्ट को आउट कर इस जोड़ी को तोड़ा। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद टीम लगातार अंतराल पर विकेट गवांकर रन बनाने के लिए संघर्ष करती नजर आई। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 215 रन ही बना सकी। भारत के लिए अरूंधति रेड्डी और दीप्ति शर्मा ने 2-2 तथा श्रेयंका पाटिल और पूजा वस्त्रकार ने 1-1 विकेट लिए।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। शेफाली 25 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद प्रिया पूनिया (28) और हरमनप्रीत कौर (42) ने मंधाना का बखूबी साथ निभाया। बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहीं मंधाना इस सीरीज में अपना लगातार तीसरा शतक बनाने से चूक गईं और 90 रन बनाकर आउट हो गईं। मंधाना की शानदार पारी के दम पर भारत ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

जिम्बाब्वे दौरे पर

शुभमन होंगे टीम इंडिया के कप्तान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा की है। टीम इंडिया की कमान युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को सौंपी गई है। टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। दौरे पर भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जाएगी। यह दौरा 6 जुलाई से शुरू होगा।

चयनकर्ताओं ने इस दौरे के लिए टीम में युवा खिलाड़ियों को तरजीह दी है। 15 सदस्यीय टीम में 5 नए चेहरे शामिल किए गए हैं। ध्रुव जुरेल, रियान पराग, अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी और तुषार देशपांडे पहली बार टीम इंडिया में जगह बनाने में सफल हुए हैं। इन पांचों खिलाड़ियों ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप खेल रही टीम इंडिया में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल भी दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार और तुषार देशपांडे।

दौरे पर लक्ष्मण हो सकते हैं कोच

बीसीसीआई जिम्बाब्वे दौरे पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को बतौर कोच भेज सकता है। लक्ष्मण अभी बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख हैं और पहले भी यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। टीम इंडिया के मौजूदा कोच राहुल द्रविड का कार्यकाल ट्वेंटी-20 विश्वकप के बाद खत्म हो रहा है और नए कोच की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है। ऐसे में लक्ष्मण टीम इंडिया के साथ जिम्बाब्वे जा सकते हैं।

डब्ल्यूटीटी कंटेंडर

श्रीजा ने जीता खिताब

लागोस, भारत की महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने नाइजीरिया में आयोजित डब्ल्यूटीटी कंटेंडर खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। श्रीजा एकल वर्ग में यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं।

श्रीजा ने टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 10-12, 11-9, 11-6, 11-8, 11-6 के स्कोर के साथ 4-1 से हराया। फाइनल में श्रीजा की शुरुआत खराब रही। पहले गेम में चीनी प्रतिद्वंद्वी के सामने श्रीजा ने संघर्ष किया और 10-12 से गेम हार गईं। इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी की और अगले चारों गेम जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके पहले श्रीजा ने प्रतियोगिता में महिला युगल स्पर्धा में अर्चना कामथ के साथ मिलकर स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा के फाइनल में श्रीजा और अर्चना की जोड़ी ने अपनी हमवतन दीया चितले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी को 3-0 (11-9, 11-6, 12-10) से हराया।

- श्रीजा अकुला वर्ष 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।
- श्रीजा अब पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से की मुलाकात

बांग्लादेश गणराज्य की प्रधानमंत्री महामहिम शेख हसीना ने राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह नियमित बातचीत दोस्ती और सहयोग की उस भावना को दर्शाती है, जिसकी शुरुआत 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से हुई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश ने महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति की है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और सहयोग के नए क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य तय होगा।

18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के आरंभ होने से पहले प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

स्वतंत्रता के बाद दूसरी बार किसी सरकार को निरंतर तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर मिला है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के आरंभ होने से पहले मीडिया को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन संसदीय लोकतंत्र के लिए गौरव का दिन है, गर्व करने का दिन है क्योंकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह नई संसद में होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नए उत्साह के साथ नई गति और ऊंचाई हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार करने के लिए 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर मिला है। यह अवसर 60 वर्षों के बाद आया है।

नई सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया

नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करें

प्रधानमंत्री कहा कि लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर मिलना सरकार की नीयत, नीतियों और लोगों के प्रति समर्पण पर मुहर लगाती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने एक परंपरा स्थापित करने का प्रयास किया है क्योंकि हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति अत्यधिक आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि 140 करोड़ नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सर्वसम्मति हासिल की जाए और सभी को साथ लेकर मां भारती की सेवा की जाए।

युवा सांसदों की संख्या पर प्रसन्नता जताई

सभी को साथ लेकर चलने और भारतीय संविधान के दायरे में निर्णय लेने की गति बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने शपथ लेने वाले युवा सांसदों की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की। भारतीय परंपराओं के अनुसार 18 की संख्या के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि गीता में 18 अध्याय हैं जो कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश देते हैं, पुराणों और उपपुराणों की संख्या 18 है, 18 का मूल अंक 9 है जो पूर्णता का प्रतीक है और भारत में मतदान की कानूनी आयु 18 वर्ष है। प्रधानमंत्री ने कहा, 18वीं लोकसभा भारत का अमृत काल है। इस लोकसभा का गठन भी एक शुभ संकेत है।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे

प्रधानमंत्री ने सांसदों की जिम्मेदारी पर कहा कि वे सामूहिक रूप से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करें और लोगों का भरोसा मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ नागरिकों का निर्धनता से बाहर आना एक नया विश्वास पैदा करता है कि भारत सफल हो सकता है और अतिशीघ्र निर्धनता से मुक्ति पा सकता है।

छोटे किसानों के हित में कार्य करें देश के कृषि वैज्ञानिक

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूर्व छात्रों का सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय से अपील की कि वे छोटे और सीमांत किसानों के हित में कार्य करें और भारतीय कृषि में क्रांति लाएं। श्री चौहान ने कहा कि हमारे यहां लगभग 86 प्रतिशत किसान स्मॉल-मार्जिनल फार्मर हैं। हमको खेती का मॉडल ऐसा बनाना पड़ेगा कि किसान एक हेक्टेयर तक की खेती में भी अपनी आजीविका ठीक से चला सकें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम मिलकर कोई ऐसा रोडमैप बना लें, जिस पर चलकर न केवल भारतीय कृषि और किसान का कल्याण हो सके, बल्कि हम भारत को दुनिया का फूड बास्केट बना दें, दुनिया को अन्न खिलाएं, एक्सपोर्ट करें।

किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं

केंद्रीय मंत्री ने भारत को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि हमारे किसानों की आय बढ़ाने और बदलते परिदृश्य के लिए तकनीकी उन्नति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी कृषि नीति और शोध छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

कपास उत्पादन एवं उपभोग समिति की तीसरी बैठक संपन्न

कपास सत्र 2023-24 के लिए कपास उत्पादन एवं उपभोग समिति (सीओसीपीसी) की तीसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वस्त्र आयुक्त श्रीमती रूप राशि ने की। बैठक में केंद्र सरकार, राज्य सरकार, वस्त्र उद्योग, कपास व्यापार और जिनिंग एवं प्रेसिंग क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कपास के राज्यवार क्षेत्र, उत्पादन, आयात, निर्यात और उपभोग पर चर्चा की गई और कपास क्षेत्र के परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया गया। वस्त्र आयुक्त श्रीमती रूप राशि ने कहा कि उद्योग को पर्याप्त कच्चा माल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि कपास के उपभोग में वृद्धि हुई है और इस साल पिछले दस वर्षों में दूसरी सबसे अधिक खपत दर्ज की गई है। भारतीय कपास निगम (सीसीआई) लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि पारदर्शिता और बेहतर कपास के लिए अब प्रत्येक गांठ को क्यूआर कोड ट्रेसेबिलिटी के तहत लाया गया है।

43वें विश्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खेलों में सशस्त्र बल ने रचा इतिहास

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के चार अधिकारियों ने 16 से 23 जून 2024 तक फ्रांस के सेंट ट्रोपेज़ में आयोजित 43वें विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया है। ये अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन दानिया जेम्स हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए विश्व के सबसे बड़े खेल आयोजन में 19 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 4 कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने इन अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके भविष्य में और अधिक उपलब्धियां हासिल करने की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्व चिकित्सा और स्वास्थ्य खेलों, जिनको अक्सर स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए ओलंपिक खेल माना जाता है, चिकित्सा



समुदाय के बीच सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक खेलों के आयोजन के रूप में विकसित हुआ है। 1978 से चली आ रही विरासत के साथ इन खेलों का आयोजन हर वर्ष 50 से ज्यादा देशों से 2500 से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित करता है। इस तरह के खेलों में एक तरफ जहां खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। वहीं दूसरी तरफ मिलने वाले पदक से देश व प्रदेश के लोगों को गौरवान्वित महसूस होता है।

करतारपुर साहिब में स्थापित हुई सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा

सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराज रणजीत सिंह की प्रतिमा को मरम्मत के बाद करीब 450 भारतीय सिख श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करतारपुर साहिब में फिर से स्थापित किया गया। इस प्रतिमा को पहले लाहौर स्थित किले में महाराजा रणजीत सिंह की समाधि के पास स्थापित किया गया था जिसे धार्मिक कट्टरपंथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पाकिस्तान और भारत के सिख समुदाय के सदस्यों ने महाराजा की स्थापित प्रतिमा के सामने तस्वीर खिंचवाई। पंजाब के पहले सिख और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह अरोड़ा ने प्रतिमा का अनावरण किया। करतारपुर साहिब को गुरुद्वारा दरबार साहिब के नाम से भी जाना जाता है और यह लाहौर से लगभग 150 किलोमीटर

उत्तर पूर्व में भारतीय सीमा के नजदीक स्थित है। अरोड़ा ने कहा, 'हमने स्थानीय और भारतीय सिखों की उपस्थिति में गुरुद्वारा दरबार साहिब, करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित की है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता ने कहा कि पुनर्स्थापित प्रतिमा को मुख्य रूप से करतारपुर साहिब में इसलिए स्थापित किया गया ताकि गलियारे का उपयोग करके सीमा पार यहां आने वाले भारतीय सिख भी इसे देख सकें।

लाहौर के किले में है महाराजा का समाधि स्थल

अरोड़ा ने कहा कि करतारपुर में सिख नेता की प्रतिमा की भी बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, जिसे पहले लाहौर किले में क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। महाराजा रणजीत सिंह की नौ फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा को सबसे पहले लाहौर के किले में उनकी समाधि के नजदीक 2019 में स्थापित किया गया था, लेकिन इसे दो बार दक्षिणपंथी इस्लामिक राजनीतिक पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के कार्यकर्ताओं ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पंजाब के महान सिख शासक की प्रतिमा ब्रिटेन की एक संस्था की ओर से सूबे के लोगों को उपहार में दी गई थी। महाराजा रणजीत सिंह सिख साम्राज्य के संस्थापक थे और उनके साम्राज्य का विस्तार भारतीय उप महाद्वीप के पश्चिमोत्तर में था एवं राजधानी लाहौर थी।

स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स और विल्मोर को वापस लायेगा मस्क का स्पेस एक्स

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर स्पेस में फंस गए हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर एक सप्ताह बिताने के बाद धरती पर आ रहे थे, इसी दौरान उनके विमान बोइंग स्टारलाइनर में खराबी आ गई और वे अंतरिक्ष में फंस गए। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को 13 जून को धरती पर आना था, लेकिन बोइंग स्टारलाइनर खराबी की वजह से अब उनका सही पता नहीं चल पा रहा है। इंजीनियरों ने विमान में कई खराबी पाई और नासा अभी तक यह बताने में सक्षम नहीं है कि इनकी धरती पर वापसी कब तक हो पाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एलन मस्क के स्वामित्व वाला स्पेस एक्स विमान सुनीता और बुच को बचा सकता है। स्पेस एक्स को सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को धरती पर लाने का काम दिये जाने का फैसला लिया जा रहा है। एलन मस्क के स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन ने मार्च महीने में ही चार अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस तक पहुंचाया था। इस विमान में दो से चार यात्री बैठ सकते हैं। आपात स्थिति में विमान में अतिरिक्त यात्रियों को भी बैठाया जा सकता है।

हीलियम लीक बनी है समस्या

बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल 5 जून को अमेरिकी समयानुसार सुबह 10 बजकर 52 मिनट पर फ्लोरिडा के केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से रवाना हुआ था। नौ दिन में विमान को धरती पर आना था, लेकिन कैप्सूल में भरे हीलियम लीक की वजह से यह यात्रा अनिश्चित हो गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- संदीप यादव, मुद्रक- संदीप यादव द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।